

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-195 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# मुख्यमंत्री की खरी-खरी, धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर होंगे जिम्मेदार, प्रभारी सचिव खरीदी पर रखेंगे पैनी नजर

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए कलेक्टरों को तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने बैठक में साफ शब्दों में कहा कि धान खरीदी में अनियमिततता पाए जाने पर कलेक्टर जिम्मेदार होंगे. वहीं प्रभारी सचिवों को जिलों में धान खरीदी की पैनी निगरानी करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को संवेदनशील केंद्रों की गहन निगरानी करने के साथ पूरी पारदर्शिता और सुगमता के साथ धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए. इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चौकसी बढ़ेगी. इसके साथ अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी बरतने को कहा. विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के पंजीयन की सुगम व्यवस्था की बात कहते हुए कलेक्टरों को विशेष शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत पंजीयन करने के निर्देश दिए.

**पीएम किसान सम्मान निधि में न छूटें कोई पात्र किसान**-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से कोई पात्र किसान न छूटें. योजना का लाभ दिलाने समय सीमा निर्धारित कर काम करें. वहीं कमिश्नर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन की करें. अधिकारी बस्तर और सरगुजा संभाग में संवेदनशीलता के साथ विशेष फोकस करें.

**लोगों को मिले पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ**-मुख्यमंत्री साव ने बैठक के दौरान कलेक्टर्स से यह सुनिश्चित करने को कहा कि अधिक से अधिक लोगों को लोगों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिले. खासतौर से ग्रामीण इलाकों में



हितग्राहियों को आसानी से बैंक फाइनेंस की सुविधा मिले.

**इसलिए रविवार को बुलाई गई बैठक**-आज अवकाश के दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस शुरू हुआ. रोजमर्रा के प्रशासकीय कार्य प्रभावित न हो इसलिए अवकाश के दिन आयोजित कॉन्फ्रेंस पहली बार समय से पहले शुरू हुआ, जिसमें मुख्य सचिव सहित सभी विभागीय सचिव, संभागायुक्त और कलेक्टर उपस्थित हैं.

**एक-एक दाना धान खरीदेगी सरकार**-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खाद्य विभाग की समीक्षा के साथ बैठक शुरू करते हुए कहा कि किसानों का एक-एक दाना धान सरकार खरीदेगी. इसके साथ उन्होंने किसान पोर्टल में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन समय पर पूरा करने की बात कहते हुए दूरस्थ अंचलों में नेटवर्क की समस्या होने पर विशेष शिविर लगाकर पंजीयन करने के लिए निर्देशित किया. इसके साथ किसान पंजीयन में धीमी प्रगति वाले जिलों से आगे की कार्ययोजना की जानकारी ली.

## संक्षेप

### पत्नी को मारकर ड्राइवर ने की खुदखुशी

**कोरबा, 12 अक्टूबर।** पसान थाना क्षेत्र के लैगा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही पसान थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतक संतराम यादव ट्रक चालक था और आए दिन शराब के नशे में अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा करता था. शनिवार शाम करीब 6 बजे दोनों के बीच फिर विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में संतराम ने पत्नी की हत्या कर दी और कुछ देर बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी. फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई सामने आ सके.

### बीजेपी ने राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किए उम्मीदवार

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। बता दें कि पार्टी ने गुलाम मोहम्मद मीर , राकेश महाजन और सत पॉल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। सतपाल शर्मा भाजपा के जम्मू-कश्मीर अध्यक्ष के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। पार्टी के राज्य प्रमुख के रूप में उनका पहला कार्यकाल 2015 से 2018 तक रहा। वह 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती के मंत्रिमंडल का भी हिस्सा थे। राकेश महाजन राज्य भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष हैं। गुलाम मोहम्मद मीर पिछले साल हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में हंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार थे। उन्हें नेशनल कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और शम्मी ओबेरॉय को अपना उम्मीदवार बनाया है। चौथी सीट पर फैसला आने वाले दिनों में होने की उम्मीद है। बता दें कि राज्यसभा की चार सीटों के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव होंगे। गुलाम नबी आज़ाद, मीर मोहम्मद फैयाज़, शमशेर सिंह और नज़ीर अहमद लवे के सेवानिवृत्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर की सभी चार राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से खाली हैं।

### देश के कई हिस्से में होगी मूसलाधार बारिश

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर।** मौसम विभाग के अनुमानों के मुताबिक देश भर में जहां 15 अक्टूबर से तापमान में गिरावट आने की संभावना है वहीं अगले अगले पांच दिनों तक दक्षिण भारत के हिस्सों में ऐसे में यहां रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुमानों के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों के दौरान मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार के बचे हुए भागों, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा और तेलंगाना के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मॉनसून के वापस लौटने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। वहीं, अगले पांच दिनों तक दक्षिण भारत के हिस्सों में मूसलाधार भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुमानों के मुताबिक 12-17 अक्टूबर के दौरान तमिलनाडु, केरल, 12 अक्टूबर को लक्षद्वीप, 12 से 15 के दौरान दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, 11 से 14 अक्टूबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम व रायलसीमा में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ जगहों पर भारी बारिश होने के आसार हैं।

# कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस को डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया जरूरी

## प्रशासनिक कसावट के साथ काम में आती है तेजी



रायपुर, 12 अक्टूबर

कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री समय-समय पर कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस करते हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 दिनों तक लगातार कॉन्फ्रेंस करेंगे. इसका आने वाले समय में लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा, वहीं प्रशासनिक कसावट भी आएगी. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के विषय पर मीडिया से चर्चा में कहा कि जिले में सरकार की योजनाओं का नीचे तक क्रियान्वय करके समीक्षा करते हैं. छत्तीसगढ़ में सरकार की योजना नीचे तक लागू हो रही है. ऐसे कांफ्रेंस करने से प्रशासनिक कसावट के साथ काम में तेजी आती है.

**चुस्त-दुरुस्त होगी धान खरीदी व्यवस्था**-वहीं धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कलेक्टरों को जिम्मेदार ठहराए जाने पर अरुण साव ने कहा कि धान खरीदी का काम बड़ा काम है. 25 लाख किसानों से धान खरीदना है. 2500 से ज्यादा केन्द्र पर व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हो, इसका खास ध्यान रखा जाएगा. मुख्यमंत्री ने न केवल खाद्य विभाग ना केवल गंभीरता से काम करे, बल्कि इस इस बात को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी की व्यवस्था मजबूत हो.

**नामांकन रैली में जाएंगे सीएम और डिप्टी सीएम**-बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अरुण साव ने कहा कि बिहार का वातावरण उत्साहजनक है. फिर से एनडीए की सरकार बनाने के लिए बिहार की जनता तैयार है. जनता बिहार का किए विकास चाहती है, जनता डबल इंजन चाहती है. बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी, नामांकन रैली पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मुझे नामांकन रैली में जाने का निर्देश मिला है. 17 तारीख को हम बिहार जाएंगे.

**कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद-निराधार**-वहीं कांग्रेस के जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर आरोपों की जांच केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसी कर रही हैं. कांग्रेस के नेताओं में तिलमिलाहट लाजमी है. कांग्रेस की बातें बेबुनियाद और निराधार है. राजनीतिक आरोप है, बड़े-बड़े लोगों को इन्वॉल्वमेंट स्पष्ट रूप से दिखता है. स्वाभाविक है कि कांग्रेस इस तरीके का आरोप लगाएगी.

### चंद्रबाबू नायडू के मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता एन चंद्रबाबू नायडू को फोन किया और उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में 15 साल पूरे करने की बधाई दी। साथ ही पीएम मोदी ने उनके दृष्टिकोण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने चंद्रबाबू नायडू गारू से बात की.

# पाकिस्तान पर कहर बनकर टूट पड़ा तालिबान

## अब तक 58 सैनिकों की मौत; 25 चैकियों पर कब्जा

**काबुल, 12 अक्टूबर।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी संघर्ष ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान द्वारा किए गए कथित हमलों की निंदा करते हुए कड़े और प्रभावी तरीके से जवाब देने की चेतावनी दी है। प्रधानमंत्री ने तालिबान सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपनी भूमि को आतंकी तत्वों द्वारा पाकिस्तान पर हमले के लिए इस्तेमाल होने दे रही है। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा



किया कि अफगान बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया है और इन झड़पों में 58 पाक सैनिक मारे गए, जबकि 30 घायल हुए हैं। शहबाज शरीफ ने बयान में कहा, "पाकिस्तान की रक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। हर उकसावे का जवाब मजबूती और प्रभावशीलता से दिया जाएगा।" तालिबान प्रशासन ने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा अफगान क्षेत्र और हवाई सीमा के बार-बार उल्लंघन के जवाब में की गई है। अफगानिस्तान के सरकारी मीडिया ने कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है, हालांकि पाकिस्तान की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# करवाचौथ पर लोको पायलट को नहीं मिली छुट्टी तो पूजा की थाली लेकर स्टेशन पहुंच गई पत्नी

**लखनऊ, 12 अक्टूबर।** यूपी के कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की शाम करवा चौथ का एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल छू लिया. यहां एक पत्नी ने पति की ड्यूटी को धर्म का रूप मानते हुए स्टेशन पर ही चांद देखकर उनका व्रत पूरा किया. माया देवी नाम की इस महिला के पति महेश चंद्र लोको पायलट हैं. करवा चौथ पर जब उन्हें छुट्टी नहीं मिल सकी, तो माया देवी ने ठान लिया कि वह अपने पति की पूजा यहीं करेंगी. शाम होते ही उन्होंने पूरा श्रृंगार किया, पूजा की थाली तैयार की और खुद कार चलाकर अपने छोटे बेटे के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंच गईं. स्टेशन पर सैकड़ों यात्रियों की नज़रों के बीच जब माया देवी पूजा की थाली लेकर प्लेटफार्म पर उतरीं, तो सबकी नज़रें थम गईं. लोको पायलट महेश चंद्र



उस वक्त अपनी ड्यूटी पर थे. प्लेटफार्म पर ही माया देवी ने साइनबोर्ड के पास रखे लोको पायलट के बक्से पर पूजा का थाल सजाया. वहीं से चांद दिखाई दे रहा था. उन्होंने पहले चांद को देखा, फिर पति को प्रणाम कर आरती उतारी और उनसे जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा.

**'ड्यूटी और धर्म साथ साथ'**-यात्रियों ने इस दृश्य को भावुक होकर देखा और कई लोगों ने इसे 'ड्यूटी और प्रेम धर्म का संगम बताया. माया देवी ने कहा, 'पति की पूजा करनी थी, व्रत निभाना था.

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत मजबूती का कर रहा प्रदर्शन : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और खंडित व्यापार व्यवस्था के बीच भारत मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है। पुणे के गोखले संस्थान में 85वें काले स्मृति व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि महामारी, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई चेन कमज़ोरियों ने लंबे समय से चले आ रहे वैश्वीकरण के मानदंडों और लागत-आधारित व्यापार सिद्धांतों को बाधित किया है, जिससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय व्यापार समझौतों की ओर बढ़ रहे हैं।

# जदयू ने तय किए सभी उम्मीदवारों के नाम, 6 विधायकों का कटेगा टिकट

**पटना, 12 अक्टूबर।** बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने उन सभी सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप दे दिया है, जिन पर वह चुनाव लड़ेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि जेडीयू करीब 103 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा एनडीए के शीर्ष नेताओं द्वारा उचित समय पर की जाएगी। जेडीयू के वरिष्ठ नेता के हवाले से कहा है कि पार्टी ने चार ऐसे मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं देने का फैसला किया है जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। उन्होंने कहा, "इन विधायकों की जगह नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। खगड़िया जिले की परबत्ता सीट से हमारे विधायक संजय कुमार पिछले हफ्ते आरजेडी में शामिल हो गए वहां भी नया उम्मीदवार



उतारा जाएगा। इसी तरह रूपौली सीट पर भी नया चेहरा होगा, क्योंकि हमारी पूर्व विधायक बीमा भारती विपक्षी खेमे में चली गई हैं।" सूत्रों का कहना है कि जिन चार सीटों पर बदलाव होगा वे भागलपुर, नवादा और बांका जिलों में स्थित हैं। जेडीयू का दावा है कि यह निर्णय जनता से मिले फीडबैक और कार्यकर्ताओं के मूल्यांकन के आधार पर लिया है। नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर जेडीयू नेता ने कहा, "केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जो विधायक क्षेत्र में सक्रिय नहीं हैं या जिनको लेकर जनता के बीच असंतोष है उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा।" एनडीए में सीट बंटवारे की स्थिति पर उन्होंने कहा कि BJP 102 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जेडीयू के खाते में 103 सीटें जा सकती हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पहले 20-22 सीटों पर मान गई थी लेकिन अब अधिक सीटों की मांग कर रही है।

# सर्जियो गोर ने संभाली भारत में अमेरिकी राजदूत की कमान

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर।** भारत और अमेरिका के रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने भारत पहुंचते ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के संकेत दिए हैं। 38 वर्षीय सर्जियो गोर, जो अमेरिका के सबसे युवा राजदूत हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी माने जाते हैं, 9 अक्टूबर को वाशिंगटन से डिप्टी सेक्रेटरी फॉर मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज माइकल जे. रिग्स के साथ नई दिल्ली पहुंचे। उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई एक विशेष और गर्मजोशी भरी मुलाकात पर समाप्त हुआ, जिसमें रक्षा, व्यापार, तकनीक और "क्रिटिकल मिनरल्स" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इन खनिजों को दोनों देशों की हरित ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए अहम माना जाता है। सर्जियो गोर ने 8 अक्टूबर को अमेरिकी सीनेट से पुष्टि मिलने के अगले ही दिन कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने भारत पहुंचने के तुरंत बाद कई उच्चस्तरीय बैठकों



में भाग लिया जिनमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ गहन वार्ताएं शामिल थीं। जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों को "वैश्विक महत्व" का बताते हुए गोर को दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विशेष दूत के रूप में भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात के बाद गोर ने कहा, "यह मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैं भारत आया हूं।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती बताने वाले चिदंबरम पर एसजीपीसी का पलटवार

**नईदिल्ली, 12 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बयान के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. एसजीपीसी ने चिदंबरम के बयान का स्वागत तो किया है लेकिन साथ ही उन पर झूठ बोलने का आरोप भी लगाया है. एसजीपीसी का कहना है कि चिदंबरम 'देर आए दुरुस्त आए' लेकिन अभी भी एक झूठ बोल रहे हैं. उनकी मुख्य आपत्ति इस बात पर है कि चिदंबरम ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को 'साझा फैसला' बताया था. एसजीपीसी का दावा है कि यह इंदिरा गांधी का अकेला और उनके निजी एजेंडे का फैसला था. एसजीपीसी ने कांग्रेस की दोहरी नीति पर भी सवाल उठाए हैं. उन्होंने पूछा है कि अगर कांग्रेस वाकई अपनी गलती मानती है तो राहुल गांधी जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार पर क्यों नहीं बोलते हैं? इसके बजाय वे उनके साथ बैठते क्यों हैं? जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार पर 1984 के सिख विरोधी दंगों में भूमिका निभाने के आरोप लगे हैं. सज्जन कुमार को सजा भी हुई है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इन मुद्दों पर खुलकर बात नहीं करता.

**चिदंबरम ने क्या कहा था?** चिदंबरम ने हिमाचल प्रदेश के कसौली में कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार "गलत तरीका" था. उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई. लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था बल्कि सभी विभागों का मिलाजुला था.



**एसजीपीसी के बयान के मायने**-एसजीपीसी का यह बयान दिखाता है कि 40 साल बाद भी 1984 के घाव पूरी तरह नहीं भरे हैं. सिख समुदाय अभी भी चाहता है कि कांग्रेस इस मामले में पूरी सच्चाई स्वीकार करे. एसजीपीसी की प्रतिक्रिया से साफ है कि सिख समुदाय चिदंबरम के बयान से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है. वे चाहते हैं कि कांग्रेस पूरी जिम्मेदारी ले और 1984 की सभी घटनाओं के लिए माफी मांगे.

**क्या है ऑपरेशन ब्लू स्टार?**-जून 1984 में पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर में एक बड़ी सैन्य कार्रवाई हुई थी. इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार कहते हैं. स्वर्ण मंदिर में जरनैल सिंह भिंडरावाले नाम का एक नेता और उसके साथी छुप गए थे. वे अलगाववादी थे और पंजाब को भारत से अलग करना चाहते थे. उसने स्वर्ण मंदिर को अपना अड्डा बना लिया था और वहां से हिंसक गतिविधियां चला रहा था. उस समय पंजाब में बहुत अशांति थी. आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही थीं और कानून व्यवस्था बिगड़ गई थी. कांग्रेस सरकार को लगा कि इन उग्रवादियों को हटाना जरूरी है.इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने फैसला लिया कि सेना भेजकर इन उग्रवादियों को स्वर्ण मंदिर से निकाला जाए. यह बहुत मुश्किल काम था क्योंकि स्वर्ण मंदिर सिखों का सबसे पवित्र धार्मिक स्थल है. सेना ने स्वर्ण मंदिर में जाकर जरनैल सिंह भिंडरावाले और उसके साथियों को मार गिराया. लेकिन इस कार्रवाई में पवित्र गुरुद्वारे को भी नुकसान हुआ. इस कार्रवाई के बाद पूरे सिख समुदाय में बहुत गुस्सा था. उन्हें लगा कि सरकार ने उनके सबसे पवित्र स्थान का अपमान किया है. सिखों में कांग्रेस के खिलाफ बहुत गुस्सा भर गया. अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी के दो सिख सुरक्षाकर्मियों ने उनकी हत्या कर दी. ये दोनों ऑपरेशन ब्लू स्टार से बहुत नाराज थे और बदला लेना चाहते थे. इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली और दूसरे शहरों में सिखों के खिलाफ भयानक दंगे हुए. हजारों बेगुनाह सिख मारे गए. कांग्रेसी नेताओं पर इन दंगों को भड़काने के आरोप लगे.

# शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष बने चेतन परिहार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 12 अक्टूबर।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ सहायकङ्कसमग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन सम्पन्न हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए चेतन सिंह परिहार को एक मात्र नामांकन प्राप्त होने पर निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।

रेस्ट हाउस पाटन में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन निर्वाचन समिति के दुर्ग जिला पर्यवेक्षक रामकृष्ण साहू ने उपस्थित होकर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी के पुर्नगठन में निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष ङ्क चेतन सिंह परिहार, उपाध्यक्ष ङ्क खेलावन सिंह कुर्रे, टेकेश्वर प्रसाद यदु, सचिव ङ्क राजकुमार बघेल, सहसचिव ङ्क यादराम साहू, सलाहकार- कमलेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार शर्मा, दानेश्वर प्रसाद वर्मा, टेकराम चंद्राकर, संगठन मंत्री - चंद्रशेखर साहू, मीडिया प्रभारी -अंकेश्वर प्रसाद महिपाल, कार्यकारिणी सदस्य- टोकेंद्र कुमार बिजौरा, महाबीर निषाद, ऋषि कुमार साहू, टेकराम साहू, किशोर कुमार कुर्रे, शेषनारायण निषाद, दुलेश्वर कुमार टंडन, पुरुषोत्तम ध्रुव, महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी-अध्यक्ष रचना वर्मा, उपाध्यक्ष- हर्षलता साहू सचिव- मनीषा गौतम, सहसचिव- शशिकला कुर्रे, सदस्य- हेमलता आडिल, रजनी वर्मा, मनीषा देशमुख, गीता चतुर्वेदानी। बैठक में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार देवांगन, सुनील कुमार बघेल, चंद्रप्रकाश ध्रुव, झम्मन सिंह, बुधारू राम निषाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक रिकेश बिहार रवाना, कहा फिर बन रही एनडीए की सरकार

**भिलाई, 12 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व से मिली जिम्मेदारी अनुरूप बिहार प्रदेश के चुनाव में प्रवासी प्रभारी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन आज बिहार रवाना हो गए हैं। सेन ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए गरखा और अमनौर विधानसभा का प्रवासी प्रभारी बनाया है, इसके लिए वे पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं।



### भोरमदेव शक्कर कारखाना के अधिकारी कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन जारी

**कवर्धा, 12 अक्टूबर।** अधिकारी कर्मचारी संघ भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा , डीए बढ़ोतरी, क्रमोन्नति पदोन्नति, एवं ग्रेजुएटी जैसे जायज मांग को लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को आज तीसरे दिवस प्रबंधन द्वारा अनसुनी की जा रही है , कारखाना के समस्त विभागों के प्रमुख, नियमित कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से मेंटनेंस कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रही है। मैन्युफैक्चरिंग विभाग , गन्ना विभाग, इंजीनियरिंग , नापतौल, सामान्य प्रशासन विभाग , वित्त कार्य प्रभावित होने के साथ उक्त विभाग में ठेका श्रमिक द्वारा भगवान भरोसे मेंटनेंस कार्य संचालित किया जा रहा है , इंजीनियरिंग विभाग , उत्पादन विभाग जैसे प्रमुख विभागों में प्रबंधन द्वारा अकुशल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है , कुछ दिनों पश्चात पेराई सत्र प्रारंभ होना है और प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा एयर कंडीशन का मजा ले रही प्रबंधन को न कर्मचारियों की भविष्य की चिंता है न किसानों की , गैर तकनीकी मजदूरों द्वारा कराए जा रहे कार्य से कारखाने को क्षति होने की प्रबल संभावना है, संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि पूर्व में लगातार 3 वर्षों से प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगों को लगातार शासन प्रशासन से की जा रही है किंतु सिर्फ मौखिक आश्वाशन देकर हमारी मांगों को। लगातार अनसुना किया जा रहा है , जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

### रिवाल्वर व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ाये दो युवक

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** थाना सिविल लाइन पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम नें दो आरोपियों को रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक रिवॉल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज 11 अक्टूबर 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि सिविल लाइन क्षेत्र स्थित शिव मंदिर के पास एक मकान में एक युवक रिवॉल्वर रखे हुए है। सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर छापा मारा और मकान में मौजूद युवक अमानत अली, पिता अफ्सर अली, उम्र 20 वर्ष, निवासी शिव मंदिर के पास, पंडरी थाना सिविल लाइन से पूछताछ की तथा तलाशी ली तो उसके कमरे से एक रिवॉल्वर बरामद हुआ। रिवाल्वर के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने बताया कि रिवॉल्वर के कारतूस उसके साथी सिमोन पांडे के पास हैं।

### गनियारी डबल मर्डर केस में पुलिस को 18 महीने बाद मिली बड़ी सफलता

# प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर की थी दादा-पोती की हत्या, गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 12 अक्टूबर।** गनियारी डबल मर्डर केस में पुलिस को 18 महीने बाद सफलता हाथ लगी है पुलिस ने दादी पोती के हत्यारे को गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतका सविता साहू का परिचित था, जिसका नाम चुमेंद्र निषाद है.जिसने उसकी धारदार हथियार से हत्या की दुर्ग पुलिस इस पूरे केस का खुलासा करेगी पुलिस के मुताबिक शनिवार को आरोपी निषाद को हिरासत में लेकर पुलिस टीम ने गांव गनियारी में घटना स्थल पर री-क्रिएशन करवाया मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति ना बने। प्रेम संबंध हत्या का कारण बना।

दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के मुताबिक आरोपी चुमेंद्र निषाद ने अपने दोस्तों के सहयोग से हत्याकांड को अंजाम दिया है. पुलिस की माने तो आरोपी और मृतका सविता साहू के बीच प्रेम संबंध था.इसी बीच आरोपी चुमेंद्र की शादी कहीं और पक्की हो गई.जैसे ही इस बात का पता सविता को चला तो उसने चुमेंद्र निषाद को बर्बाद करने की धमकी दी.जिससे चुमेंद्र को अपनी शादी टूटने का डर सताने लगा दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि मृतिका सविता ने अपनी सहेलियों के माध्यम से चुमेंद्र को धमकी दी कि वो उसकी शादी तुड़वा देगी जिसके बाद आरोपी ने अपने दोस्त पंकज और एक अन्य के साथ उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया आरोपी ने 7 मार्च की रात को गनियारी गांव पहुंचा उसे पता था कि सविता अपनी दादी के साथ अलग घर में सोती है इसलिए उसने पहले रात को दरवाजा खुलवाया.सविता के दरवाजा खोलते ही आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी.इसी दौरान दादी ने आरोपियों को देख लिया कहीं उनकी पहचान उजागर ना हो जाए, इसलिए आरोपियों ने दादी की भी हत्या कर दी पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार बरामद कर लिया है।

पुलिस इस केस में आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की कोशिश करेगी ब्रेन मैपिंग और नार्को टेस्ट से खुलासा इस केस को सुलझाने के लिए पुलिस ने तकनीक की मदद ली संदेहियों का पुलिस ने ब्रेन मैपिंग और नार्को टेस्ट करवाया रायपुर एफएसएल की केस में मदद ली गई आरोपियों के लोकेशन और उनके बयानों के तथ्यों को जांचा गया इसके बाद जब सारे टेस्ट के रिजल्ट आए तो हमें यकीन हो गया कि घटना में जिन संदेहियों से पूछताछ की जा रही है वे ही असली कातिल है.इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को सारे तथ्यों और सबूतों को दिखाकर पूछताछ की.जिसमें आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया. इस मामले में आरोपी ने अपने दोस्तों का सहारा भी लिया था।

जिसमें से एक दोस्त अभी फरार है वहीं दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है कब हुई थी वारदात घटना 6 और 7 मार्च 2024 की दरमियानी रात की है, जब गनियारी निवासी रजवती बाई साहू (दादी) और उसकी पोती सविता साहू की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई थी सुबह जब परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे तो दोनों के शव खून से लथपथ मिले थे. इस दोहरे हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी.पुलिस ने मामले में कई टीम बनाकर जांच शुरू की थी, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका 18 महीने बाद कामयाबी आखिरकार 18 महीने बाद पुलगांव पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया इस केस की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने मामले के सुलझने पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हैआरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही गनियारी डबल मर्डर केस का रहस्य आखिरकार सुलझ गया है।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ता से मारपीट व गाली-गलौज निंदनीय : सीमा

**कवर्धा, 13 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ हुई मारपीट और अभद्र व्यवहार को लेकर कांग्रेसजनों में रोष व्याप्त है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस की जिला महिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि सार्वजनिक रूप से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट और गालीगलौज निंदनीय और शर्मनाक कृत्य है, जो भाजपा कार्यकर्ताओं के नैतिक पतन को दर्शाता है।



सीमा अनंत ने आरोप लगाया कि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा पर पूर्व में महिलाओं ने यौन उत्पीड़न और चारित्रिक मुद्दों को लेकर मीडिया के माध्यम से आरोप लगाए हैं, जिनकी जानकारी पूरे छत्तीसगढ़वासियों को है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोपित व्यक्ति का जब कवर्धा आगमन हुआ, तब युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से काला झंडा दिखाकर विरोध दर्ज कराया, जो विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है।

**दोषी भाजपा युवा कार्यकर्ताओं के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग:** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की आवाज उठाना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट किया व अभद्र गालीगलौज की घटना को अंजाम दिया। सीमा अनंत ने इस घटना को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए दोषी भाजपा युवा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी घटनाओं से डरने वाली नहीं है, बल्कि अन्याय के खिलाफ सदैव आवाज बुलंद करती रहेगी।

# वनमंडल कवर्धा के सम्मेलन में तितलियों के संरक्षण की जानकारी दी



**कवर्धा, 12 अक्टूबर।** द्वितीय संस्करण का आयोजन दिनांक 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को तितली तिहार के रूप में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन में बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्यों से कुल 41 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, सुरेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष कृषक बोर्ड, आदित्य श्रीवास्तव, इतिहासकार तथा गौरव हियलानी, तितली विशेषज्ञ रायपुर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा तितलियों के संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अतिथियों के माध्यम से जिराखन बैगा, हंसा बैगा एवं गोमल बैगा को बटरफ्लाई होस्ट पौधों का वितरण किया गया ताकि क्षेत्र में तितलियों के आवास एवं संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल द्वारा तितलियों पर एक प्रभावशाली प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें तितलियों की सूक्ष्म विशेषताओं, उनकी प्रजातियों तथा पर्यावरण में उनकी उपयोगिता के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात अनिता साहू, अधीक्षक भोरमदेव, द्वारा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव अभ्यारण्य, अनुराग वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने द्वितीय दिवस के आयोजन हेतु टीम गठन की घोषणा की।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भोरमदेव अभ्यारण्य में पाई जाने वाली विभिन्न तितली प्रजातियों की पहचान करना है ताकि भविष्य में इस क्षेत्र को तितली अभ्यारण्य के रूप में विकसित एवं पहचान दिलाई जा सके। आयोजन के दौरान भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा एवं चिल्फी के अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज का कवर्धा में शानदार स्वागत

# युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ की हड्डी हैः राजेंद्र चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 अक्टूबर।** प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का गुरुवार को प्रथम बार कवर्धा आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। पूरे शहर में स्वागत का माहौल उत्सव में तब्दील हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को कवर्धा-रायपुर मार्ग स्थित महिन्द्रा शो-रूम के पास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष मनीराम साहू, सचिन गुप्ता, योगेश चंद्रवंशी महामंत्री भाजयुमो सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े, फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का शानदार स्वागत किया। उनके स्वागत में भाजयुमो जिंदाबाद, राहुल टीकरिहा जिंदा बाद जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मोटरसाइकिल रैली के रूप में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के काफिले को नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला भाजपा कार्यालय तक पहुंचाया। रैली के दौरान युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। नगर के सिग्नल चौक, गांधी चौक और अन्य स्थानों पर भी टीकरिहा का फूल वर्षा और जयकारों के साथ स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर राहुल योगराज टीकरिहा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की रीढ़ शक्ति युवा हैं और युवा मोर्चा संगठन की अग्रिम पंक्ति में कार्य करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और संगठन विस्तार के लिए जुट जाने का आह्वान किया।



वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीड की हड्डी है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के कंधों पर पार्टी की पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी होती है, मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने में अपना योगदान देगी। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने संगठन में नई ऊर्जा का संचार होने की बात कही।

कार्यक्रम में भाजयुमो पदाधिकारी, भाजपा जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन के दौरान वातावरण पूरी तरह उत्साह और जोश से भरा रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला भाजपा के अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा के महामंत्री संतोष पटेल, नगर पालिका के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री पीयूष ठाकुर ठाकुर, महामंत्री सचिन गुप्ता, योगेश चंद्रवंशी सहित कवर्धा जिला के युवा मोर्चा के समस्त जिला पदाधिकारी सभी मंडल के अध्यक्ष मंडल के महामंत्री महामंत्री एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सिटरिंग प्लांट-3 में नवोत्थान का उद्घाटन व सुरक्षा रैली का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिटरिंग प्लांट-3 में नवोत्थान स्क्रैप सामग्री भंडारण क्षेत्र का उद्घाटन तथा रोड एवं रेल सुरक्षा साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

इस पहल का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 150 कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुर्कर, महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष ऑफिसर्स एसोसिएशन नरेंद्र कुमार बंछोर तथा महाप्रबंधक विभा आलोक माथुर की उपस्थिति रही। उद्घाटन के पश्चात अनुप कुमार दत्त ने दो किलोमीटर लंबी रोड एवं रेल सुरक्षा साइकिल रैली का नेतृत्व किया, जिसका शुभारंभ नरेंद्र कुमार बंछोर द्वारा नवोत्थान से किया गया। इस रैली में तीन विभिन्न स्थानों से प्रतिभागी शामिल हुए और अंजनाद्री गार्डन में संगम के साथ संपन्न हुई।

### रावघाट परियोजना के अंतर्गत आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** रावघाट परियोजना के तत्वावधान में तथा बीएसएफ 86 बटालियन के सहयोग से संचालित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह 11 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 09 सितंबर से 08 अक्टूबर .(एक माह) तक 20 बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े सिलाई, स्टिचिंग, बुनाई तकनीक और बुनियादी डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में बीएसएफ86 बटालियन के सीईओ अनिल रावत तथा रावघाट परियोजना, सहायक महाप्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह तथा खदान क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित खड़कागांव एवं खोड़गांव के सरपंच व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ ने की सासंद विजय बघेल से मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 12 अक्टूबर।** प्रदेश में मोदी कि गारंटी कि तहत केंद्रीय कर्मचारियों के समान प्रदेश के कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष धरमदास बंजारे प्रदेश मीडिया प्रभारी कमल नारायण चौहान प्रांतीय संचालको ने लोक सभा सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंप कर प्रदेश में 58 प्रतिशत डी ,ए की सौगात दिवाली पूर्व मांग को पूरा कराने हेतु आग्रह किया। बघेल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रदेश के कर्मचारियों को डी,ए, का लाभ मिलेगा।

### सट्टा खेलाने वाले से पुलिस ने दो सट्टा-पट्टी और नकदी जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** अवैध सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध भिलाई नगर थाने पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की है आरोपियों के कब्जे से दो सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन एवं 870 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।

भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि सिविल सेंटर में यूको बैंक के सामने में रोड पर पुलिया पर बैठकर अंकों के सामने रुपए पैसों से हार जीत का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ललित यादव (32) पिता गंगाराम यादव निवासी रूआबांधा बस्ती आजाद चौक भिलाई को गिरफ्तार किया आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।



### ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** पुलगांव थाना क्षेत्र में चंदखुरी मार्ग पर ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई इससे गुस्साए लोग शव को बीच रास्ते में रखकर मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया मुआवजे की मांग को लेकर लोग रोड पर बैठ गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे इस दौरान मौके पर पहुंची पुलगांव पुलिस ने लोगों को समझाइश दी लेकिन आक्रोशित लोग घंटों मार्ग को जाम कर दिए थे आक्रोशित लोग चक्का जाम किए हुए है पुलगांव थाने पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## एक नज़र

### स्कूटी में गांजा की तस्करी करने वाले 2 लोग गिरफ्तार



बलौदाबाजार 12 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर दिनांक 09.10.2025 को साइबर सेल एवं थाना कसडोल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम छरछेद में घेराबंदी कर स्कॉर्पियो एवं स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री करने की फिराक में लगे हुए आरोपी रामनाथ पटेल एवं ओम प्रकाश साहू को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपियों तथा घटनास्थल पर उपस्थित स्कॉर्पियो वाहन एवं स्कूटी का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से दोनों वाहनों में अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 39.718 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?3,17,744 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन छ्त्न22 9020 एवं जुपिटर स्कूटी क्र. छ्त्न04 क्क्ष2915 जप्त किया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक स्कॉर्पियो एवं एक स्कूटी वाहन सहित आरोपियों से कुल ?13,37,744 कीमत मूल्य का सामान जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 625/2025 धारा 20(ख) ह्लष्ठक्कस् एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,12 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारो के लिए 4 -4 लाख रुपये के मान से 8 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील भाटापारा के ग्राम मजगांव निवासी सागर पाल पिता छन्नु लाल एवं तहसील लवन के ग्राम भालूकोना निवासी बीर सिंह पटेल पिता धनजी पटेल की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतकों के निकटतम वैध वारिसान को को 4- 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।



**तिल्दा नेवरा 12अक्टूबर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बालविकास परियोजना के तहत सही पोषण देश रोशन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा समाज सेवी पार्षद रानी सौरभ जैन सहित अनेक महिलाओं ने सम्मिलित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया सही पोषण की जानकारी ली एवम माताओ और बच्चों को क्या-क्या पोषण आहार लेना चाहिए जिससे माताए स्वस्थ रहें एवं बच्चो को कुपोषित होने से बचाया जा सके!

### सर्व हिन्दू समाज प्रमुखों की बैठक में किया गया निर्णय

# मंदिर परिसर में विवादास्पद माहौल बनाने वालों का पुरजोर विरोध होगा

**डोंगरगढ 12अक्टूबर।** कुछ धर्म विरोधी विघ्न संतोषी लोगों द्वारा विगत कुछ वर्षों से हिन्दू धर्मावलंबी भोले-भाले लोगों को बरगला कर धर्म विमूख करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है । ऐसे लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन करवा कर मतांतरण( धर्म परिवर्तन ) तो किया ही जा रहा है साथ ही भोले भाले लोगों को हिन्दू धर्म के खिलाफकरने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिसका एक ताजा उदाहरण डोंगरगढ़ के आसपास के आदिवासी समाज के कुछ लोगों को भड़का कर हिन्दू धर्म से अलग करने के प्रयास के रूप में दिख रहा है। ऐसे हिन्दू धर्म विरोधी लोगों द्वारा आदिवासी समाज के हमारे भोले भाले भाईयों को ग़लत जानकारियों को बता कर और उनके बीच दुष्प्रचार कर हमसे अलग करने प्रयास किया जा रहा है। डोंगरगढ़ में वर्षो से सभी हिन्दू धर्मावलंबी सभी समाज के लोग मित्रतापूर्ण, सामाजिक समरसता से निवास करते हुए क्षेत्र और हम सभी हिन्दू धर्मावलंबीयों की आराध्य बगलामुखी स्वरूपा मां बम्लेश्वरी देवी जी की आराधना करते हुए मंदिर परिसर एवं डोंगरगढ़ के विकास में सक्रियता से सहभागिता निभा रहे हैं।

जैसा की विदित है कि स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह जी के द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर के सम्पूर्ण व्यवस्था व संचालन हेतु सन् 1964 में श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति का गठन कर समिति को सौंप दिया गया था। जिसके फलस्वरूप 1971 में ट्रस्ट समिति द्वारा ट्रस्ट समिति के संचालन हेतु बनाये गये बायलाज (विधान) के अनुसार ट्रस्ट समिति का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। ट्रस्ट समिति के गठन के पश्चात ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के विकास हेतु ट्रस्ट समिति द्वारा सर्व हिन्दू समाज के दान दाताओं से प्राप्त सहयोग का ही प्रतिफल है कि जहां ट्रस्ट समिति के बनने के पूर्व ऊपर मंदिर जाने हेतु सीढ़ियों तक का निर्माण नहीं हुआ था वहां आज चौड़ी चौड़ी सीढ़ियों के साथ दर्शनार्थियों के सुविधा हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही लोगों को ज्ञात होगा ट्रस्ट समिति गठन के पूर्व ऊपर मंदिर परिसर वर्तमान गर्भगृह से छोटा था, जिसे ट्रस्ट समिति ने सर्व हिन्दू समाज के दानदाताओं के सहयोग से विस्तार किया, जिससे दर्शनार्थियों को माता जी का सुगम दर्शन लाभ पाना सम्भव हो पा रहा है। साथ ही नीचे बम्लेश्वरी मंदिर का ट्रस्ट के गठन के पूर्व छोटा सा परिसर और सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से निर्मित वर्तमान विशाल स्वरूप भी सभी देख रहे हैं। इसके साथ ही ट्रस्ट समिति ने जनसेवा की दिशा में कार्य करते हुए विशाल चिकित्सालय का निर्माण, रियायत दर पर एम्बुलेंस का संचालन, मुफ्त आक्सीजन सिलेंडर, सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र, पुस्तकालय, विशाल शेड व हाल, स्वर्ग रथ सहित विभिन्न जन सुविधाओं के कार्यो का संचालन भी किया जा रहा है।

ट्रस्ट समिति द्वारा ट्रस्ट गठन के पश्चात किसी भी पुरानी परम्पराओं को बंद नहीं किया गया है , परम्परा अनुरूप आवश्यक समस्त पूजन कार्य निरंतर किये जा रहें हैं। ट्रस्ट समिति गठन के समय ही स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह जी द्वारा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को दिये गये निर्देश एवं सुझाव को मानते हुए ही ट्रस्ट समिति का बायलाज (विधान) बनाया गया है , आदरणीय स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह जी द्वारा तात्कालिक प्रबुद्ध जनों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि उनके जीवनकाल में वे ट्रस्ट समिति के मानद सदस्य रहेंगे एवं उनके पश्चात उनके परिवार का



### मंदिर का विकास ही डोंगरगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विकास का आधार

मंदिर का विकास ही डोंगरगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विकास का आधार है। यदि मंदिर परिसर में किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा किसी भी प्रकार का विवादास्पद माहौल बनाया जाता है तो उससे डोंगरगढ़ क्षेत्र का विकास कार्य तो अवरूद्ध होगा ही साथ ही मंदिर से जुड़े हजारों लोगों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः मंदिर में हम सभी के अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है कि हम यहां की पवित्रता और परम्पराओं का सम्मान करें, निर्धारित स्थल से ही पूजन कार्य करें। जिससे किसी भी अन्य हिन्दू धर्मावलंबीयों की भावनाओं को ठेस न पंहुचे। सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से मंदिर का विकास होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति द्वारा या कोई भी व्यक्ति समूह द्वारा एकाधिकार बताने के किसी भी प्रयास का पूरजोर विरोध सर्व हिन्दू समाज हमेशा करेगा। ट्रस्ट समिति द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान अनाधिकृत रूप से गर्भगृह में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के संबंध में किये गये शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांग बैठक में उपस्थित सर्व हिन्दू समाज के समस्त प्रमुखों और समस्त संगठन प्रमुखों ने किया है।

## समाचार संक्षेप

### बहू को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 3 गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 12 अक्टूबर।** थाना कसडोल के मर्ग क्र. 63/2025 दिनांक घटना 08.08.2025 को मृतिका सविता जायसवाल पति माखन जायसवाल द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच में तथा मृतिका के मायका पक्ष से लिए गए विस्तृत बयान में यह पाया गया कि, ससुराल पक्ष द्वारा मृतिका को प्रताड़ित किया जाता था, जिसके कारण मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 624/2025 धारा 108,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 03 आरोपियों, पति माखन लाल जायसवाल, ससुर भरतलाल एवं देवर यशवंत जायसवाल को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर

### कन्या हाई स्कूल लाल बहादुर नगर में 90 छात्राओं को साइकल वितरण किया गया

**डोंगरगढ़ 12 अक्टूबर।** राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती प्रदाय योजना के तहत कन्या हाईस्कूल लाल बहादुर नगर में 9 वीं के 90 छात्राओं को साइकल वितरण किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु जी,मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे,नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबीधर साहु, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, पार्षद उषा यदु, शाल विकास समिति के सदस्यगण शिवेंद्र धनकर, प्रेमलता यदु एवं नमिता देवांगन सहित प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में साइकल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु एवं मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने अपने उद्बोधन में बताया यह योजना तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के कार्यकाल में प्रारंभ किया गया था, इस योजना द्वारा छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत सरकार लड़कियों को साइकिल प्रदान करती है, ताकि वे आसानी से स्कूल जा सकें और पढ़ाई जारी रख सकें। इससे न केवल उनकी शिक्षा की निरंतरता बनी रहती है, बल्कि वे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर भी बनती हैं।

# आईओएसआईएस सैलून एंड स्पा का उद्घाटन किया भाग्यश्री ने




रायपुर 12अक्टूबर। रायपुर में एक शानदार सुबह का माहौल रहा जब आईओएसआईएस सैलून एंड स्पा ने एक भव्य, सितारों से सजे लॉन्च कार्यक्रम में अपने द्वार खोले, जिसमें सौंदर्य, स्वास्थ्य और बॉलीवुड की शान-शौकत की दुनिया एक साथ नज़र आई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हमेशा से ही आकर्षक रहीं भाग्यश्री दासानी ने आत्म-देखभाल और समग्र कायाकल्प के उत्सव में अपना आकर्षण जोड़ा। आराम करें और सौंदर्य और स्वास्थ्य का जश्न मनाएँ ब्रांड के दर्शन का प्रतीक था, जो रोज़मर्रा के तनाव से मुक्ति प्रदान करते हुए आंतरिक और बाहरी चमक को बढ़ावा देता है। भाग्यश्री दासानी ने नए आउटलेट का उद्घाटन धूमधाम से किया और स्वास्थ्य और सचेतन आत्म-देखभाल के महत्व पर अपने विचार साझा किए। सुंदरता केवल दिखावे की बात नहीं है, यह अच्छा महसूस करने, स्वस्थ रहने और सकारात्मकता फैलाने के बारे में है। आईओएसआईएस वास्तव में इस दर्शन को जीवंत करता है। उन्होंने व्यक्त किया। आईओएसआईएस सैलून और स्पा की मालकिन किरण बावा ने कहा। आईओएसआईएस में, हमारा हमेशा से मानना ??रहा है कि सुंदरता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, एक के बिना दूसरा चमक नहीं सकता। इस नए सैलून और स्पा के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा स्थान बनाना है जहाँ हर मेहमान आराम कर सके, तरोताज़ा हो सके और खुद से फिर से जुड़ सके। लॉन्च का समापन एक जश्न भरे टोस्ट और एक संदेश के साथ हुआ, जिसने आईओएसआईएस की भावना को खूबसूरती से व्यक्त किया, आराम करो, तरोताज़ा हो जाओ और खुद को फिर से खोजो।

### स्थानीय युवाओं को वन्यजीव पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण की दी गई गहन जानकारी

# बारनवापारा अभयारण्य में पाँच दिवसीय इको टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया

**बलौदाबाजार, 11 अक्टूबर ।** वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में 7 से 11 अक्टूबर 2025 तक पाँच दिवसीय इको-टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में स्थानीय युवाओं एवं गाइड्स को वन्यजीव पर्यटन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संरक्षण की गहन जानकारी प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन द नेचरलिस्ट स्कूल के प्रशिक्षक दल प्रकृति सुब्रमण्यम, अनिकेतन चंद्रेगैड़ा एवं चंद्रशेखर द्वारा किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया जिसमें स्थानीय पक्षियों, कीटों, सरीसृपों, स्तनधारियों एवं पादप प्रजातियों की पहचान, उनके पारिस्थितिक महत्व, व्यवहारिक संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा गाइडिंग तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। पांचवें दिवस पर अभयारण्य क्षेत्र में फील्ड भ्रमण एवं पादप प्रजातियों की पहचान पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को ÷इको-टूरिज्म गाइड प्रमाण पत्र÷ प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री कविता ठाकुर एवं विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




### सीईओ जिला पंचायत ने ली समीक्षा बैठक

**बालोद, 12 अक्टूबर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने गुरूवार 09 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत सभाकक्ष गुण्डरदेही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को सभी निर्माणाधीन आवासों के निर्माण को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में श्री चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गुण्डदेही विकासखण्ड के लिए स्वीकृत आवासों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

# चार दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 अक्टूबर से

**बलौदाबाजार, 12अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक 4 दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया जायेगा।प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक अलर्ट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, योग्यता 8वीं से स्नातक, उम्र 20 से 40 वर्ष वेतन 10000 हजार से 14500 तक होगा। असिस्टेंट सुपरवाइजर के 10 पद, योग्यता 10वीं से स्नातक, उम्र 22 से 40 वर्ष, 01 वर्ष का अनुभव, वेतन 11000 हजार से 15000 हजार तक होगा। सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 18 पद, योग्यता स्नातक, स्नातकोत्तर, उम्र 22 से 40 वर्ष, 02 वर्ष का अनुभव, वेतन 14000 हजार से 16000 हजार तक होगा। एजेंट के 54 पद, योग्यता 12वीं से स्नातक, उम्र 25 से 50 वर्ष, वेतन कमिशन बेस पे देय होगा। वर्किंग पार्टनर के 20 पद, योग्यता स्नातक, उम्र 25 से 40 वर्ष, 02 वर्ष का अनुभव, वेतन कमिशन बेस पर देय होगा। मार्केटिंग के 4 पद, योग्यता स्नातक, स्नातकोत्तर, उम्र 22 से 40 वर्ष ,02 वर्ष का अनुभव, वेतन 15000 हजार से 35000 हजार तक देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ पद के अनुसार होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

# हम होंगे कामयाब अभियान से सफलता की राह पर जिले के युवा

- **युवाओं का समग्र कौशल विकास एवं करियर मार्गदर्शन के लिए अभिनव पहल**
- **अभियान से अब तक जिले के 372 युवाओं को मिला रोज़गार,1250 से अधिक युवाओं का पंजीयन**

**बलौदाबाज़ार,12 अक्टूबर।** युवाओं के उत्साह, ऊर्जा और क्षमताओं का उपयुक्त मार्गदर्शन समय पर और उचित ढंग से देने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रशासन ने क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक नवाचारपूर्ण पहल ÷हम होंगे कामयाब÷की शुरुआत की है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा इस अभियान के तहत चयनित 372 अभ्यर्थियों को रोज़गार प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए हैं। अब तक 1250 से अधिक युवाओं का पंजीकरण किया जा चुका है। अभियान को तीन चरणों काउंसलिंग,स्किलिंग और रोज़गार में विभाजित किया गया है ताकि प्रत्येक युवा को उसकी आवश्यकता और क्षमता के अनुरूप सहायता प्राप्त हो सके।

काउंसलिंग और करियर मार्गदर्शन-पहले चरण में युवाओं की सोच, रुचि और क्षमता के अनुसार व्यक्तिगत परामर्श दिया जाता है। इसके तहत विद्यालयों और महाविद्यालयों में नियमित रूप से वन-ऑन-वन सेशन, अभिभावक-शिक्षक बैठकें और अन्य विशेषताओं का विश्लेषण किया जाता है। इसके अलावा रिज्यूमे लेखन, इंटरव्यू कौशल और प्रोफेशनल नेटवर्किंग सिखाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।मेंटरशिप प्रोग्राम और करियर सूचना केंद्र की स्थापना भी की गई है, जिससे युवाओं को उचित और समयबद्ध मार्गदर्शन मिल सके।इसके साथ ही करियर गाइडबुक, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की भी सुविधा है जिससे युवा आवश्यक संसाधनों तक आसानी से पहुंच सकें।

कौशल विकास एवं उन्नयन-युवाओं की काउंसलिंग के बाद उनकी रुचि के अनुकूल कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।जिले में युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उनके कौशल का विकास कर उन्हें सही दिशा दी जा रही है ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में नई संभावनाएं सृजित कर सकें।

### नगर साहू संघ डोंगरगढ़ का चुनाव निर्विरोध संपन्न

# सर्वसम्मति से साहू संघ के अध्यक्ष चुने गए बीरबल साहू

**डोंगरगढ़ 12 अक्टूबर।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव संपन्न होने के बाद छत्तीसगढ़ में लगातार साहू संघ पदाधिकारियों का चुनाव इकाई, परिक्षेत्र, मंडल, तहसील, जिला का निर्वाचन संपन्न हो रहा है । इसी बीच नगर साहू संघ डोंगरगढ़ का चुनाव प्रदेश साहू संघ के आदेशानुसार एवं जिला साहू संघ राजनांदगांव के निर्देशन में तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ द्वारा नगर साहू संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष संगठन सचिव का निर्वाचन निर्विरोध रूप से संपन्न कराया गया। जिसमें नगर साहू संघ के अध्यक्ष के रूप में पूर्व में संरक्षक रहे श्री बीरबल साहू को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष श्री धरम दास साहू, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती कविता साहू सचिव श्री गिरीश साहू, कोषाध्यक्ष श्री शैलू साहू, संगठन सचिव श्री कमलेश साहू, संगठन सचिव महिला ओम बाई साहू को निर्विरोध पदाधिकारी के रूप में चुना गया है।



नगर साहू संघ डोंगरगढ़ अध्यक्ष का चुनाव तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ द्वारा संपन्न कराया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव कुलदीप साहू, कोषाध्यक्ष कचरू साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती सुजाता साहू, कंवल राम साहू, अशोक साहू, मंथीर साहू, संगठन सचिव हेमंत साहू प्रमुख रूप से निर्वाचन को निर्विरोध रूप से सर्वसम्मति से संपन्न कराने की विशेष भूमिका रही।

इस अवसर पर नगर साहू संघ डोंगरगढ़ अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष शिव साहू, सचिव मोहन साहू, कोषाध्यक्ष आशीष साहू, उपाध्यक्ष गिरेश साहू, उपाध्यक्ष म. श्रीमती लक्ष्मी साहू, संगठन सचिव कामेश्वर प्रसाद साहू, सह सचिव नरोत्तम साहू, सह सचिव म. श्रीमती पूर्णिमा साहू, सह कोषाध्यक्ष अश्वनी साहू, संकेक्षक पुष्पेंद्र साहू सहित नगर साहू संघ के पूर्व पदाधिकारी गण, इकाई के पदाधिकारी गण एवं आजीवन श्रेणी के मतदाता, समस्त पार प्रमुख, वरिष्ठ कांसीराम साहू, श्रीमती प्रमिला साहू, श्रीमती अहिल्या साहू, श्रीमती उषा बाई, श्रीमती चमेली बाई, भागवत साहू, अशोक साहू, केशव राम, बोधराम, नरसिंग साहू, त्रिलोक साहू, बालाराम साहू, लोकेश, चितरंजन, खुमान, रामस्वरूप, देवा, दुर्गेश, अभिषेक, तेजेंद्र, दिनेश, मनोज, पंकज, गणेश, जय, पवन साहू, महेश, टोमन, अमन, अनिल, रेवा सहित भारी संख्या में साहू समाज के सामाजिकजनों की उपस्थिति रही।

# आतंकवाद को पाला पोसा, अब भुगत रहा


संपादकीय

कहा जाता है कि जो जैसा करता है, उसे उसका फल देर सबेर भुगतना पड़ता है और फल से ही पता चलता है कि किसी ने अतीत में क्या कर्म किए थे जिसके कारण उसको वर्तमान यह सब भुगतना पड़ रहा है। पाकिस्तान ने आतंकवाद को पाला पोसा अब उसका खामियाजा भुगत रहा है। अब उसके यहां आतंकवादी सेना पर हमला कर रहे है, मस्जिद में बम विस्फोट कर लोगों को मार रहे हैं।पाकिस्तान ने भारत में हिंसा फैलाने के लिए,अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान में आतंकवाद को पासा पोसा और उसका उपयोग बरसों तक भारत के खिलाफ किया। सबसे ज्यादा कश्मीर में किया। हजारों लोग मारे गए, बड़ी संख्या में सेना के जवान भी मारे गए। देश के कई राज्यों में आतंकवादियों के बम विस्फोट के कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गए।मोदी सरकार आने के बाद भारत के बाकी राज्यों से तो आतंकवाद को समाप्त कर दिया गया है लेकिन कश्मीर में कहीं कहीं बाकी है जो कभी अचानक पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर देते हैं और अपने होने का एहसास कराते हैं। आतंकवादी जहां रहते हैं वह इस तरह लोगों की हत्या, सेना के जवानों की हत्या करके अपने होने या अपने शक्तिशाली होने का एहसास कराते हैं।पाकिस्तान के एक आतंकवादी संगठन टीटीपी ने हाल ही में प. पाकिस्तान के ओरकजई जिले में दो अधिकारियों सहित 11 सैनिकों की हत्या कर दी थी। पाकिस्तान ने कभी सोचा नहीं था कि वह जिस आतंतवाद को दूसरे देशों में हिंसा के लिए पालपोस रहा है एक दिन वही उसके लिए मुसीबत बन जाएंगे, उनसे निपटना उसके लिए मुश्किल हो जाएगा। आज यही हो रहा है। आज उसके पड़ोसी देशों में तो आतंकवादी घटनाएं कम हो रही है लेकिन पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों की संख्या बढ़ जाने के कारण पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाएं बढ़ गई हैं। वह आम लोगों की हत्या करने के साथ ही सेना के जवानों की भी हत्या कर रहे हैं। जो आतंकवाद का पालता रहा है आज वह आतंकवाद को समाप्त करने के लिए दूसरे देशों पर एयर स्ट्राइक कर रहा है। पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के आतंकवादियों के मारे जाने पर एयर स्ट्राइक कर बदले में 30 आतंकियों को काबूल में मारे जाने का दावा किया है। अफगानिस्तान ने कहा है कि गुरुवार देर रात काबुल में एक बड़ा धमाका हुआ है।यह पाकिस्तान सेना का अफगानिस्तान में हवाई हमला था। पाकिस्तान की तरफ से कहा गया है कि टीटीपी ने 11 सैनिकों को मारा इसलिए उसके खिलाफ यह हमला कर 30 आतंकवादियों को मार कर बदला लिया गया है। दावा करने को पाकिस्तान ने यह भी किया है कि टीटीपी अध्यक्ष मुफ्ती नूर वली महमूद भी उसके हवाई हमले में मारा गया है लेकिन नूर वली का वीडियो वायरल होने पर पाकिस्तान के इस झूठ की पोल जल्दी ही खुल गई। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को पहले यह सूचना नहीं दी थी कि वह उनके इलाके में आतंकियों को मारने के लिए हवाई हमला करने वाला है। अफगानिस्तान इसे उसकी संप्रभुता का उल्लंघन माना है और पाकिस्तान को चेताया है कि वह ऐसा करेगा तो अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का अधिकार उसे हैं। उसने पाकिस्तान के हवाई हमले को अभूतपूर्व हिंसक व भड़ताऊ कृत्य बताया है और इसकी निंदा की है। पाकिस्तान के इस हमले पर भारत के दौरे पर अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के धैर्य व साहस की परीक्षा न ले। उन्होंने कहा है कि इस तरीके से समस्याओं का समाधान नहीं होता। पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है। पाकिस्तान को यह बात निश्चित रूप से नागवार गुजरी है कि यात्रा की अनुमति मिलते ही अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने सबसे पहले भारत की यात्रा की क्योंकि वह चाहता था कि वह अफगानिस्तान का उपयोग भारत के खिलाफ करेगा लेकिन हो रहा है उल्टा। अफगानिस्तान के भारत के खेमे में चले जाने से पाकिस्तान इस बात को लेकर चिंतित है कि कही भारत अफगानिस्तान का उपयोग उसके खिलाफ करेगा। भारत आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री भारत आकर कह दिया है कि वह अपनी धरती का उपयोग किसी को भारत के खिलाफ नहीं करने देगा। पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक कर भारत की नकल करने की कोशिश लेकिन वह भारत की तरह सफल नहीं हो सका क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के आंतकियों के ठिकाने नष्ट करने के लिए पहले कई दिनों तक तैयारी की थी और यह बताकर हमला किया था कि यह सिर्फ आतंकियों के खिलाफ हमला है।

# राग स्वदेशी : हक़ीक़त और फ़साना

दृष्टिकोण

**तनवीर जाफ़री**



हमारे देश में स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करने के लिये प्रायः आवाज़ बुलंद की जाती है। भारत में स्वदेशी सामानों के इस्तेमाल पर ज़ोर इसलिए दिया जाता है क्योंकि इससे देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से कई महत्वपूर्ण लाभ होते हैं। देश में स्वदेशी सामान की खपत से स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ता है, जिससे स्थानीय उद्योगों को बल मिलता है। इससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होते हैं और बेरोज़गारी की समस्या कम होती है। इसके अतिरिक्त विदेशी उत्पाद पर निर्भरता भी कम होती है। इसीलिये कभी सरकार की तरफ़ से देश को आत्मनिर्भर बनाने के मक़सद से स्वदेशी अपनाने के बारे में देश को जागृत करने के प्रयास किये जाते हैं तो कभी स्वदेशी उत्पादों के नाम पर अपना व्यवसाय चलाने वाले भी 'स्वदेशी अपनाओ ' की बातें करते नज़र आते हैं। परन्तु क्या वजह है कि हम तो स्वदेशी का राग ही अलापते रह जाते हैं उधर पड़ोसी देश चीन का बड़े भारतीय बाज़ार पर क़ब्ज़ा हो जाता है ? चीन निर्मित शायद ही कोई ऐसा जीवनोपयोगी उत्पाद हो जिसकी भरपूर खपत भारत में न होती हो। परन्तु हमारे देश में स्वदेशी अपनाओ का शोर तो ज़्यादा सुनाई देता है परन्तु उसकी गुणवत्ता सुधारने या उचित क़ीमत में आकर्षक,टिकाऊ व योग्य वस्तु का उत्पादन करने पर ज़ोर कम दिया जाता है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई प्रमुख अवसरों पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने के संबंध में जनता से अपील कर चुके हैं। वे दुकानों को स्वदेशी वस्तुओं से सजाने और भारतीय उत्पादों को गर्व से उपयोग करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करते रहते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब भारतीय सामान वैश्विक बाज़ार में अपनी पहचान बनाएं और प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल पर गर्व महसूस करे। इसीलिये प्रधानमंत्री अक्सर 'वोकल फ़ॉर लोकल' की बात करते सुने जाते हैं जिसमें स्थानीय बाज़ार और उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है। निःसंदेह भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग तभी मज़बूत होगा जब देशवासी अपने उत्पादन, तकनीक और नवाचार में स्वदेशी को प्राथमिकता दें। विदेशी वस्तुओं की जगह देसी उत्पाद को पहचान और सम्मान देना आज के दौर में राष्ट्रीय हित, सुरक्षा और आर्थिक मज़जबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।परन्तु सवाल यह है कि भारतवासियों के लिये स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली कंपनियां या उद्योग अपने आप में कितने विश्वसनीय हैं ? क्या वजह है कि देश के लोगों को भारतीय उत्पाद की तुलना में अनेक विदेशी उत्पाद ज़्यादा पसंद आते हैं। कई विपक्षी नेता तो यहां तक कहते हैं कि स्वदेशी अपनाने का पाठ पढ़ने वाले प्रधानमंत्री स्वयं विमान से लेकर मोबाईल फ़ोन,पेन,चश्मा व घड़ी आदि सब कुछ विदेशी प्रयोग करते हैं ? स्वदेशी उत्पाद बनाने व बेचने वाले रामदेव भी पूरे देश को स्वदेशी अपनाने की शिक्षा देते रहते हैं। परन्तु अनेक बार उनके उत्पाद मिलावटी या निर्धारित मानकों के प्रतिकूल पाए गये हैं। सेना सहित कई प्रमुख जगहों से पतंजली के उत्पाद हटाये जा चुके हैं। कई बार उनके उत्पाद गुणवत्ता के मानक पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में स्वदेशी उत्पाद की विश्वसनीयता पर सवाल तो उठेगा ही ? इसी तरह पिछले दिनों तमिलनाडु में बने 'कोल्ड्रिफ़' नामक कोल्ड सीरप ने देशभर में हंगामा खड़ा कर दिया। इस सिरप के पीने से अब तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, और अन्य राज्यों के 26 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है। यह मामला भारत में स्वास्थ्य और दवा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। तमिलनाडु की श्रीसन फ़ार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित इस विषाक्त सीरप के सेवन से अनेक बच्चों की किडनी फ़ेल हो गयी और कई बच्चों की मौत हो गई। 14 वर्षों से निर्माणाधीन यही सीरप आख़िरकार रिक्तियों, नियमों के उल्लंघनों और मिलावट के कारण अपनी गुणवत्ता पर खरा नहीं उतरा और ज़हरीला साबित हुआ। क्या इस तरह की घटना भारत की दवा सुरक्षा प्रणाली की गंभीर चूक का संकेत नहीं है? निश्चित रूप से इस ज़हरीली दवा के निर्माण में मानकों का उल्लंघन हुआ, और इसे कई वर्षों तक बिना उचित निगरानी के बाज़ार में फैलने दिया गया। बेशक सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में क़दम उठाने की बात भी की है परन्तु जिनके घरों के 'चिराग़' बुझ गये न तो उन्हें वापस लाया जा सकता है न ही उनपरिवारों को स्वदेशी उत्पाद पर भरोसा करने का पाठ पढ़ाया जा सकता है। आज पूरे देश में सरे आम ज़हरीली सब्ज़ियां,विषाक्त फल, मिलावटी व ज़हरीले दूध,पनीर घी मक्खन खोया कुट्टू का ज़हरीला आटा आदि तमाम चीज़ें बेचीं जा रही हैं। दूध की तो रोज़ के उत्पादन से कई गुना अधिक की खपत है, सरकार व प्रशासन को भी यह सब पता है परन्तु मिलावट ख़ोर मौत के सौदागर सरे आम ऐसी ज़हरीली सामग्री बाज़ार में खपा रहे हैं। तमाम नक़ली दवाइयां बाज़ार में बेचीं जा रही हैं। इसी तरह मिलावटी व ज़हरीली मिठाइयां व बेकरी के सामान बाज़ार में बेख़ौफ़ बिकते हैं। बाज़ार में इन सब चीज़ों की खपत का मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। इन मौत के सौदागरों को भली भांति मालूम है कि उनके काले करतूतों का पर्दा फ़ाश होने के बावजूद उनका कुछ भी बिगड़ने वाला नहीं। केवल गुणवत्ता का ही प्रश्न नहीं बल्कि मिठाई वाला यदि आपको एक या दो हज़ार रूपये किलो मूल्य की मिठाई देता है तो वह गत्ते के डिब्बे को भी उसी रेट में तोल देता है। यानी आपको मंहगी क़ीमत अदा करने के बावजूद पूरा सामन नहीं मिल पाता। किसी सामग्री पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य को लेकर भी बड़ा गोलमाल देखा जा सकता है। कई बार तो प्रिंटेड रेट से आधे मूल्य पर भी दुकानदार सामन बेच देता है। जबकि आधे मूल्य पर बेचने पर भी दुकानदार मुनाफ़ा कमाता है।

हमारे देश में अभी भी किसी वस्तु के प्रयोग की तिथि समाप्त होने यानी एक्सपायरी डेट निकल जाने के बावजूद सीधे सादे व अनपढ़ लोगों को ऐसा सामान बेच दिया जाता है। कई कम गुणवत्ता वाले सामानों पर किसी ब्रांडेड कम्पनी की मुहर लगा कर बाज़ार में बेच दिया जाता है। इस तरह की मानसिकता का केवल एक ही कारण है कि इस तरह के व्यापार करने वाला व्यक्ति कम समय में अधिक धन कमाना चाहता है। और अपने इस ' अनैतिक व नापाक मिशन' में वह यह भी भूल जाता है कि ऐसा कर वह आम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है क्योंकि उसे इस बात का पूरा यक़ीन रहता है कि किन्हीं विशेष परिस्थितियों में उसके पकड़े जाने के बावजूद उसका कुछ बिगड़ने वाला नहीं । लिहाज़ा देशवासियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने की सलाह देने वालों को चाहिये कि पहले उत्पादन कर्ताओं को यह सख़्त निर्देश व सन्देश दिया जाये कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। मिलावट ख़ोरी,नक़ली व ज़हरीले खाद्य पदार्थ बाज़ार से पूरी तरह ग़ायब हों। देशवासियों को ज़हरीली सामग्री बेचने वालों को सामूहिक हत्या के अभिप्रायपूर्वक किये गये प्रयास का दोषी मानकर दण्डित किया जाये। भारतीय उत्पाद की क़ीमतें व नाप तौल ठीक हों। जब तक देशवासियों में स्वदेशी उत्पाद के प्रति पूरा विश्वास पैदा नहीं होता तब तक 'राग स्वदेशी' अलापना इसलिये मुनासिब नहीं क्योंकि इसकी हक़ीक़त कुछ और है जबकि असली फ़साना कुछ और।

# पेट्रोल पुराण : या इलाही ये माजरा क्या है ?


चिंतन

हृदयमोहन

**निर्मल रानी**



विश्व के अधिकांश देशों में पेट्रोल डीज़ल की क़ीमतें भिन्न भिन्न हैं। प्रत्येक देशों में ईंधन रुपी इन तेलों की क़ीमतों का निर्धारण वहां के टैक्स दर, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता, कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय,क़ीमत, करेंसी एक्सचेंज रेट, रिफ़ाइनिंग लागत, स्थानीय मांग और सरकारी नीतियों के आधार पर होता है। इसके अतिरिक्त अधिक आयात शुल्क, वैट, और स्थानीय कर भी ईंधन की क़ीमत के निर्धारण के मुख्य कारक होते हैं। दुनिया के कई देश ऐसे भी हैं जहाँ देश की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने जैसे सड़क निर्माण, इनके रखरखाव व अन्य विकास सम्बन्धी योजनाओं के लिए ईंधन पर भारी टैक्स लगाया जाता है। तेल की क़ीमतों के निर्धारण में तेल उत्पादक देशों से कच्चा तेल आयत करने का ख़र्च भी एक ख़ास वजह होती है। कच्चा तेल आयात करने वाले देशों को चूंकि डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। ऐसे में यदि किसी देश की अपनी मुद्रा, डॉलर के मुक़ाबले कमज़ोर है अथवा कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बढ़ जाते हैं, तो ईंधन स्वभाविक रूप से महंगा हो जाता है। इसके अलावा अलग-अलग ग्रेड के स्वच्छ ईंधन बनाने में लगने वाली रिफ़ाइनिंग और वितरण की लागत भी तेल की क़ीमत में जुड़ जाती है। मांग और आपूर्ति भी तेल क़ीमतों के निर्धारण का बड़ा कारक होती है। यदि किसी देश में ईंधन की मांग अधिक है, परन्तु इसकी आपूर्ति खपत के मुक़ाबले कम है, तो ईंधन की क़ीमतें बढ़ जाती हैं। जबकि कुछ देशों में पर्यावरण की रक्षा के लिए ख़ास क्लीन फ़्यूल नीतियाँ लागू की जाती हैं, जिससे उत्पादन, वितरण व रिफ़ाइनिंग में लागत बढ़ती है। प्रायः इन सभी कारणों की वजह से ही दुनिया के विभिन्न देशों में ईंधन की क़ीमतें अलग अलग होती हैं। परन्तु आश्चर्य तब होता है जब कोई देश स्वयं कच्चा तेल आयात कर स्वयं ही उसकी रिफ़ाइनिंग कर अपने देश में अपनी जनता को तो ज़रुरत से अधिक महंगा तेल बेचे जबकि वही तेल दूसरे देश में निर्यात होने पर लगभग आधे मूल्य पर बिकता हो? जी हाँ यह हक़ीक़त है भारत के पड़ोसी सीमावर्ती देश भूटान की जहाँ पेट्रोल और डीज़ल का आयात मुख्य रूप से भारत से ही होता है गोया भूटान ईंधन के क्षेत्र में शत प्रतिशत भारत पर ही निर्भर है। चूँकि भूटान में पेट्रोलियम उत्पादों के लिए स्थानीय कच्चे तेल के संसाधन या रिफ़ाइनरी नहीं हैं, इस वजह से 100 प्रतिशत रिफ़ाइंड पेट्रोल और डीज़ल भारत से ही आयातित किया जाता है। परन्तु भूटान में तेल की क़ीमतें भारत की वर्तमान औसत क़ीमत 103-105 प्रति लीटर से काफ़ी कम हैं। जबकि दोनों ही देशों के पंपों पर ज़्यादातर इंडियन ऑयल का ही ईंधन मिलता है। भूटान में इन दिनों तेल का मूल्य भारतीय मुद्रा रुपये के अनुसार पेट्रोल लगभग ₹64.38 प्रति लीटर है जबकि डीज़ल का मूल्य लगभग 64.27 प्रति लीटर है। भूटान में ईंधन की क़ीमतों में कमी का सबसे मुख्य कारण यही है कि भूटान सरकार इन पर बहुत ही कम टैक्स लगाती है। दूसरी बात यह भी है कि भारत में पेट्रोल में 20% इथेनॉल (गन्ने के रस से प्राप्त होने वाला रसायन ) मिलाना अब अनिवार्य हो गया है




गोया भारत में E20 ईंधन मिलता है। परन्तु भूटान में बिना इथेनॉल के पेट्रोल उपलब्ध है। यानी भूटान में भारत की तुलना में पेट्रोल शुद्ध भी है और क़ीमतें भी अलग हैं। यही वजह है कि सीमावर्ती भारतीय अपने वाहनों में तेल डलवाने भूटान चले जाते हैं। अब रहा सवाल पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का तो दुनिया के कई देशों में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जाता है। ऐसा करने का मक़सद पर्यावरण पर पड़ने वाले दुषप्रभाव के साथ ही तेल की खपत कम करना बताया जा रहा है। ब्राज़ील, अमेरिका, भारत, और अनेक यूरोपीय देश ऐसे हैं जहाँ पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जाता है। भारत सरकार ने तो पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है और आज यही E20 ईंधन देश के सभी पेट्रोल पंप्स पर उपलब्ध है। अधिकतर पेट्रोल पंप्स पर इस बात की सार्वजनिक सूचना नहीं होती कि उपभोक्ताओं को दिया जा रहा पेट्रोल E10 है या E20, इस जानकारी के अभाव में उपभोक्ता अपने वाहन में E20 भरवा लेते हैं और यही लोग बाद में इंजन पर संभावित दुष्प्रभाव को भी झेलते हैं। पर्यावरण दुष्प्रभाव व तेल की खपत कम करने की ग़रज़ से भले ही भारत सहित दुनिया के अनेक देश पेट्रोल में इथेनॉल क्यों न मिला रहे हों परन्तु इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के प्रयोग से इंजन व वाहन के अन्य पुर्ज़ों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उदाहरण के तौर पर E20 ईंधन प्रयोग से फ़्यूल पंप्स, इंजेक्टर्स, गास्केट व रबर पार्ट्स पर असर तो पड़ता ही है साथ ही माइलेज में कमी व इंजन के निष्पादन (परफ़ार्मेंस) में गिरावट भी आ सकती है। वाहन निर्माता कंपनियां भी E20 के प्रयोग से वाहन को हुए नुक़सान को वारंटी के अंतर्गत स्वीकार नहीं करतीं न ही इस तरह की कोई जानकारी या सूचना सार्वजनिक रूप से पेट्रोल पंप पर दी जाती है। इन हालात में भारतीय ईंधन उपभोक्ताओं का यह सवाल पूरी तरह जायज़ है कि आख़िर सरकार की यह कैसी नीति है जिसके तहत भारत से निर्यातित पेट्रोल डीज़ल पड़ोसी देश भूटान में तो अत्याधिक सस्ता यानी लगभग 64 रूपये प्रति लीटर के दर पर उपलब्ध है जबकि वही तेल निर्यातक देश भारत के लोगों को 103 रूपये से लेकर 105 रूपये प्रति लीटर तक बेचा जा रहा है? साथ ही भूटान में तो भारत 100 % शुद्ध तेल भेजता है जबकि भारत में 20% इथेनॉल मिश्रित कर तेल बेचा जा रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर देश भूटान की सरकार को अपने देश के पर्यावरण की फ़िक्र नहीं ? और एक सवाल यह भी कि अनेक प्रकार के करों से राहत देकर जिस तरह भूटान की सरकार भूटान वासियों को तेल की क़ीमत में राहत दे रही है भारत सरकार भी ऐसा क्यों नहीं करती ? भारत के इस निराले 'पेट्रोल पुराण' को लेकर यह सवाल भी ज़रूरी है कि क्या देश के वाहनों में ईंधन में 20% इथेनॉल मिश्रण के चलते आने वाली दिक़्क़तों व इंजन संबंधी ख़राबियों की फ़िक्र सरकार को नहीं ? या फिर महंगा तेल और मिलावटी तेल का मक़सद तेल कंपनियों,तेल व्यवसायियों को लाभ पहुँचाने के साथ साथ वाहन निर्माता कंपनियों को भी फ़ायदा पहुँचाना और भारतीय वाहन धारकों की जेबें ढीली करना है ? इसीलिये आज पूरा देश इस 'पेट्रोल पुराण' पर यह सवाल पूछ रहा है कि या इलाही ये माजरा क्या है ?

# मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर सकते हैं ये इंडियन फूड्स

मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में अदरक काफी मददगार है। अदरक शरीर में थर्मोजेनेसिस बढ़ाता है, मतलब यह हल्का सा शरीर का तापमान बढ़ाकर कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करता है। साथ ही, ये पाचन को भी बेहतर करता है। आज के समय में अधिकतर लोग अपने बढ़े हुए वजन से परेशान रहते हैं और उसे कम करने के लिए हर संभव उपाय आजमाना चाहते हैं। लेकिन फिर भी मन में निराशा ही पैदा होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आपका मेटाबॉलिज्म स्लो काम करता है। हो सकता है कि आपकी वजन कम करने की कोशिश भी इसलिए नाकाम हो गई हो। हालांकि, ऐसे में आपको निराश होने की जरूरत नहीं है और ना ही महंगे सप्लीमेंट खरीदकर पैसे खर्च करने की जरूरत है। अगर आप चाहें तो घर पर ही अपने मेटाबॉलिज्म को आसानी से बूस्ट कर सकती हैं। इसके लिए बस आपको कुछ फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना होगा। जी हां, अपनी सेहत से जुड़ी समस्याओं को खाने की मदद से ही काफी हद तक ठीक कर सकती हैं। ऐसे कई फूड्स हैं, जो डाइजेशन को बेहतर बनाते हैं और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करते हैं। तो अब बस आप अपने रोज के खाने में थोड़े स्मार्ट करें और आपको फर्क खुद महसूस होगा। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ इंडियन फूड्स के बारे में-

**अदरक** -मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में अदरक काफी मददगार है। अदरक शरीर में थर्मोजेनेसिस बढ़ाता है, मतलब यह हल्का सा शरीर का तापमान बढ़ाकर कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करता है। साथ ही, ये पाचन को भी बेहतर करता है। आप अगर चाहें तो सुबह या शाम बहुत कम चीनी वाली अदरक की चाय पिएं या फिर इसे कद्दूकस करके सब्जी, सूप या दाल में डालें।

**मिर्च** -अगर मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने की बात हो तो मिर्च भी किसी से कम नहीं है। इसमें मौजूद कैप्सेसिन शरीर की गर्मी बढ़ाकर मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और फैट को जलाने में मदद करता है। यानी शरीर ठंडा होने के लिए ज्यादा कैलोरी खर्च करता है। आप दाल, सब्जी या सूप में हल्के से मिर्च फ्लेक्स छिड़कें, लेकिन अगर एसिडिटी रहती है तो इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से बचें।

**लहसुन**-लहसुन ना केवल खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ाता है, बल्कि यह ब्लड शुगर को बैलेंस भी रखता है और शरीर में फैट जमा होने से रोकता है।

## सू- दोकू क्र.197

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -197


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 196 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी जिम्मेदारियां पूरी होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आज आपके दिल को सुकून मिलेगा। आप अपनी मेहनत के दम पर कोई अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। संतान भी नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकती है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। जो जातक रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें भी इस समस्या से छुटकारा मिलेगा।

वृषभ आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी और आप अपनी संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपको अपने शारीरिक समस्याओं को लेकर किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेने होंगे, नहीं तो आने वाले समय में वह बढ़ सकती हैं। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई लोन लिया था, तो वह आपको मिल जाएगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए करियर में अच्छा उछाल लेकर आएगा। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देगा और पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों के आशीर्वाद से आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी।

कर्क आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है, लेकिन फिर भी आप लोगों से काम से काम मतलब रखें और कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपकी कोई सेहत संबंधित समस्या उभर सकती हैं। आज आपको अपने कीमती सामानों की सुरक्षा आवश्यक करनी होगी, क्योंकि उनके खोने और चोरी होने का भय रहा है। आपके बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे, जिससे आपको मनपसंद काम मिलेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको किसी पुराने वाद-विवाद को दोबारा उठाने से बचना होगा। आज आपके मन में किसी काम को लेकर उत्साह रहेगा। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी और आपका रुका हुआ धन आपको मिलने की संभावना है।

कन्या आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आज आप अपने बॉस की उम्मीद पर खरे उतरेंगे। काम के प्रति आपको जिम्मेदार बनना होगा। माताजी से आपकी किसी बात को लेकर बातचीत हो सकती है। आज आपके करियर में भी उछाल आएगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए दांपत्य जीवन में खुशहाली लेकर आएगा। आपके जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा, उन्हें किसी नई नौकरी भी प्राप्ति हो सकती है। छोटे बच्चे भी खेलकूद में काफी व्यस्त रहेंगे। आप परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। इनकम बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

वृश्चिक आज आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। बिजनेस में आप अपने कामों में बदलाव लाएंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। कर्मचारियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई से संबंधित किसी काम को लेकर यदि परेशान थे, तो उसके लिए वह अपने अध्यापकों से बातचीत कर सकते हैं।

धनु आज आपको कार्यक्षेत्र में लोगों का पूरा साथ मिलेगा और पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। भाई-बहन आपके कामों में पूरा साथ देंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। आप किसी चल व अचल संपत्ति का सौदा बहुत ही देखभाल कर करें, नहीं तो आपके साथ कोई धोखा हो सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा के पूर्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

मकर आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी से रिश्तों में भी कुछ कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आज आपको आपकी पुराने समस्याओं का भी समाधान मिल जाएगा। वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपके अनुभवों में भी वृद्धि होगी। छोटे बच्चों के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आज आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है और व्यवसाय में आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। विद्यार्थियों को किसी विषय को पढ़ने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आप किसी मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, जिससे आपको खुशी मिलेगी। व्यवसाय में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

मीन आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप धार्मिक यात्रा के लिए जा सकते हैं और आपको अपने कामों को आत्मविश्वास से मजबूत करने की आवश्यकता है, तभी वह आसानी से पूरे होंगे। कोई रुका हुआ काम आपको समस्या दे सकता है। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

## एक नजर

### सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ व्यापारियों ने की कार्रवाई की मांग



**जगदलपुर 12 अक्टूबर।** पैलेस रोड से लेकर संजय मार्केट तक सड़कों पर यत्र-तत्र लग रही दुकानों और ठेलों के कारण हो रही परेशानी को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने आज नगर निगम महापौर और बस्तर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। व्यापारियों ने बताया कि अवैध रूप से सड़क किनारे लगने वाली दुकानों से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुकानदारों के नियमित व्यवसाय पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि आमजन को सुगम आवाजाही मिल सके और व्यापारिक गतिविधियाँ सामान्य रूप से संचालित हो सकें।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के निर्देश पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन कियागया। जिसमें छात्र-छात्राओं के मध्य मानसिक स्वास्थ्य के संबंधी जागरूकता के प्रयास के लिए पेंटिंग, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस वर्ष की थीम ''सेवाओं तक पहुंच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य''। के आधार पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में वर्तमान परिस्थितियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। महाविद्यालय के मनोविज्ञान प्राध्यापक डॉ दिनेश कुमार लहरें ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कार्यशाला में बारीकी से जानकारी छात्राओं को बताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमती रतनबाला मोहंती जिला सलाहकार अंकित सिंह क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रुति स्वास्थ्य विभाग एवं महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में

**बीजापुर 12 अक्टूबर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता व्हालीबॉल एवं तैराकी का आयोजन राज्य के कोरबा जिले में आयोजित होना है। जिसमें 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक एवं बालिका शामिल होंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को संभागीय दल के साथ खिलाड़ी, व्यायाम शिक्षक एवं कोच के नैतृत्व में 10 अक्टूबर 2025 को दोपहर 01 बजे जिला कार्यालय बीजापुर से क्रीड़ा स्थल कोरबा के लिए रवाना होंगे।

### 18 अक्टूबर तक मनाया जाएगा विशेष टीकाकरण सप्ताह

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** जिले में समस्त विकासखंड में 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गांव-गांव में छूटे हुए बच्चों को सूची तैयार कर मितानिन के माध्यम से चिन्हांकित स्थान में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाएगा। उक्त अभियान 0 से 5 साल के बच्चों को टीकाकृत किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शुभाशीष मंडल ने बताया की जिले में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों के लिए विशेष कार्य योजना के आधार पर यह सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर के अंतर्गत गांव-गांव एवं आंगनबाड़ी केंद्र तथा ऐसे क्षेत्र जहां पर बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं उन्हें टीकाकरण सत्र बनाकर बच्चों को टीकाकृत किया जाएगा। इस अभियान के दौरान मितानिनों द्वारा पूर्व से ही संबंधित पालकों को टीकाकरण के लिए सूचना दी जाएगी। जिले के समस्त लोगों से अपील की जाती है कि इस सप्ताह के दौरान अपने 0 से 5 साल के बच्चों जिनका किसी कारणवश टीकाकरण छूट गया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से किसानों को किया संबोधित

# जिले में पीएम धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का हुआ शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** संयुक्त जिला कार्यालय, दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में शनिवार को अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से देशभर के किसान भाई-बहनों को संबोधित किया और उन्हें 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि सम्बन्धी परियोजनाओं का उपहार दिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा ÷पीएम धन-धान्य कृषि योजना÷ तथा ÷दलहन आत्मनिर्भरता मिशन÷ का शुभारंभ किया गया। साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया।



दंतेवाड़ा जिले के इस वर्चुअल कार्यक्रम में वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से तीसरी बड़ी शक्ति बनाने के उद्देश्य से कृषि विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन दलहन उत्पादन में देश को सर्वश्रेष्ठ बनाना है। हमारा देश डेयरी उत्पादन में पहले स्थान पर है तो मछली के उत्पादन में भी दूसरे नम्बर पर है। वहीं चना-प्याज के उत्पादन में पहले स्थान पर है। साथ ही अन्य कृषि उपज के उत्पादन में भी आत्मनिर्भर हो रहा है। आजादी के बाद जय जवान-जय किसान का नारा इसीलिए दिया गया था कि जहां हमारे जवान देश की सीमा और आंतरिक सुरक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं, वहीं मेहनतकश अन्नदाता कृषि उपज से भारत को समृद्ध बना रहे हैं। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत समूचे देश में 100 जिलों का चयन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, कोरबा एवं जशपुर जिले शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह पहल विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का मिशन है। दंतेवाड़ा जिले में पहले से ही उद्यानिकी, मिलेट्स, प्राकृतिक खेती को बेहतर ढंग से कर रहे हैं, साथ ही वनोपज, डेयरी एवं मछली पालन की दिशा में अच्छा प्रयास हो रहा है। अब इस दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के जरिए हम सभी मिलकर दंतेवाड़ा जिले में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत जिले का चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी जिलेवासियों खासकर किसानों को बधाई दी और आने वाले दिनों में दंतेवाड़ा जिले को दलहन उत्पादन में अग्रणी बनाने का आग्रह किया।

# चित्रकोट के ऊपरी हिस्से में मिला अज्ञात युवक का शव

■ एक दिन पहले मिले मानव पैर की सुलझेगी गुत्थी

**जगदलपुर12 अक्टूबर।** बस्तर जिले के लोहंड़ीगुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रकोट जलप्रपात के ऊपरी हिस्से में आज शनिवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव पाया गया है, इसकी सूचना पर पुलिस टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। पुलिस अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेते हुए उसकी शिनाख्त कर रही है। वहीं एक दिन पहले एक मानव पैर पाया गया था, जिसे अज्ञात युवक के शव के साथ मिलान किया जा रहा है, मिले अज्ञात युवक के शव का एक पैर नहीं है। बता दें कि शुक्रवार की सुबह तिरथा व नारायणपाल के बीच इंद्रावती नदी में एक मानव पैर पाया गया था, जिसकी सूचना पर पुलिस ने पैर को अपने कब्जे में लेकर, उसे मेकाज भेज दिया था। वहीं शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि चित्रकोट जलप्रपात के ऊपरी हिस्से में औंधे मुंह एक शव दिखा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, अज्ञात युवक के शव का एक पैर नहीं था, वहीं शव कई दिनों से पानी में रहने के कारण पहचान में नहीं आ पा रहा है। आस-पास के क्षेत्रों की पुलिस चौकी और थाने को सूचना दी गई, जिससे युवक की शिनाख्त हो सके। वहीं पुलिस ने जो मानव अंग को बरामद किया था, उसे अज्ञात युवक के शरीर से मिलाया जा रहा है। इस मामले में लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि शनिवार को चित्रकोट के ऊपरी हिस्से में अज्ञात शव पाया गया है। इसकी शिनाख्तगी के लिए गुमशुदा लोगों के परिजनों को बुलाकर उसकी शिनाख्त की जाएगी।

# डीएवी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 73 डीएवी स्कूल के 1023 खिलाड़ी हुए शामिल

**जगदलपुर 12 अक्टूबर।** खेलों को प्रोत्साहन देने और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य और गरिमामय शुभारंभ आज जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम परिसर में हुआ। यह तीन दिवसीय खेल आयोजन का उद्घाटन वन मंत्री केदार कश्यप ने ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलन कर किया। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 6 कलस्टरों के अंतर्गत आने वाले 73 डीएवी विद्यालयों के कुल 1023 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों सहित 200 क्रीड़ा प्रशिक्षक उत्साहपूर्वक शिरकत कर रहे हैं। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत खेल प्रतिभाएं हैं। विशेषकर बस्तर में अपार खेल प्रतिभाएं हैं। डीएवी इन खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों के भविष्य को बेहतर ढंग से तराशने के लिए डीएवी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में शामिल विद्यार्थियों को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यहां विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं यहां हारने वाले खिलाड़ी भी हतोत्साहित न हों और वे आगामी समय में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने खेल कौशल को निखारें। समारोह की शुरुआत राज्य गीत और डीएवी गान के साथ हुई। जिसके बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, जूडो, कराटे, बॉक्सिंग एवं शतरंज जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन के दिन से ही खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का अद्भुत परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन सहित जनप्रतिनिधिगण, डीएवी के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी शैलेष कुमार सहित डीएवी के प्राचार्यगण, शिक्षकगण तथा खिलाड़ी और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### मोर गांव, मोर पानी महाअभियान : जिले में जल संरक्षण व संवर्धन के अभिनव पहल

**कांकेर, 12 अक्टूबर।** जिले में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर के संवर्धन में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। ''मोर गांव, मोर पानी'' अभियान के तहत मनरेगा के माध्यम से अनेक संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह अभियान सामुदायिक सहभागिता एवं जनभागीदारी पर आधारित है, जिसमें जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्य ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग के साथ ग्राम पंचायत संसाधन मानचित्र की सहायता से ट्रांजिट वॉक (ग्राम पंचायत भ्रमण) करते हुए कार्य योजना तैयार की जा रही है। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी ने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार करने में जीआईएस आधारित युक्तधारा पोर्टल का प्रयोग किया जा रहा है। ridge to valley सिद्धांत के आधार पर योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं पंचायत एवं शासकीय भवनों की दिवारों पर जल संरक्षण से संबंधित नारे एवं स्लोगन अंकित कराए जा रहे हैं। यह भी बताया गया कि युक्तधारा पोर्टल का उपयोग करते हुए अब तक 10704 कार्यों की कार्य योजन तैयार की जा चुकि हैं, जिनका क्रियान्वयन आगामी वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत 1915 जल संरक्षण कार्यों की स्वीकृति प्रदाय की गई है। इस प्रकार जिले में मनरेगा के तहत प्राकृतिक संसाधन, प्रबंधन एवं आजिवीका संवर्धन के लिए विभिन्न स्थायी परिसंपत्तियों का भी निर्माण किया गया है।

# धर्मांतरण के विरोध में चारभाठा के ग्रामीणों ने प्रतिबंध का लगाया बोर्ड




■ कांकेर जिले का 12वां गांव बना चारभाठा

**कांकेर 12 अक्टूबर।** जिले के नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम चारभाठा के ग्रामीणों ने धर्मांतरण का विरोध करते हुए गांव में पास्टर, पादरी और धर्मांतरण करा चुके लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए गांव के प्रवेश द्वार पर आज शनिवार को एक बड़ा बोर्ड लगाया गया है । बोर्ड में लिखा गया है कि पेशा अधिनियम 1996 की धारा 4(घ) के तहत ग्राम सभा को अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के संरक्षण का अधिकार प्राप्त है। इसी आधार पर पास्टर, पादरी और धर्मांतरण कराने वाले व्यक्तियों का प्रवेश गांव में प्रतिबंधित है। इस कदम के साथ ही चारभाठा, कांकेर जिले का 12वां गांव बन गया है, जिसने इस तरह का फैसला लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आठ परिवार ईसाई धर्म अपनाने लगे हैं, जिससे परंपरागत रीति-रिवाजों और समाज की सांस्कृतिक व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। उनका आरोप है कि भोले-भाले आदिवासी परिवारों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जो उनकी संस्कृति और पहचान के लिए खतरा है। करीब पांच महीने पहले जामगांव में एक मतांतरित व्यक्ति सोमलाल राठौर की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित कर गांव में पास्टर और पादरियों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने साफ किया कि, उनका ईसाई धर्म से व्यक्तिगत विरोध नहीं है, लेकिन गांव के लोगों का जबरन या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कुम्हारारास डेम में बंबू राफ्टिंग का किया शुभारंभ



**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** जिले के ग्राम कुम्हारारास डेम में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 'बंबू राफ्टिंग' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने बम्बू राफ्टिंग का उद्घाटन कर नौका विहार का आनंद लिया। कार्यक्रम में विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुडामी, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।उद्घाटन अवसर पर मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि 'बंबू राफ्टिंग' जैसी पहल ईको टूरिज्म आधारित आजीविका को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बांस हमारे प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और हरित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है। इसके माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री कश्यप, विधायक श्री अटामी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने नौका विहार का आनंद लिया तथा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद भी किया। 'बंबू राफ्टिंग' के साथ ही क्षेत्र में बांस से बने उत्पादों के निर्माण, डिजाइनिंग और विपणन में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# मुस्लिम जमात ने किया सिख समाज के जुलूस का स्वागत




**भाटापारा 12 अक्टूबर।** कांग्रेस नेता शादाब जालियावाला ने बताया की गुरु तेग बहादूर जी कि 350 वर्ष जयंती पर सिख समाज द्वारा निकाली गई यात्रा का मुस्लिम जमात ने फूलो की बारिश कर स्वागत किया और पंजाब बाढ़ में पीड़ित परिवारो के लिए 100786 रुपये भेजे शादाब ने बताया हमको बहुत खुशी है की इस अच्छे नेक कम में मुस्लिम जमात के बड़े से छोटे बच्चो ने हिस्सा लिया इसके लिए मैं सबको मुबारकबाद भी देता हूँ । छत्तीसगढ़ सिख समाज ने बताया की मुस्लिम जमात की तरफ़से जो 100786 भेट की गया है वो सही जगह जाएगा इस अवसर पर जमील ख़ान हाजी इक़बाल क़दर मेमन रफ़ीक़ जलियावाला समा ख़ान मोलना क़ुरैशी सलीम ख़ान इरफ़ान मेमन रफ़ीक़ खोखर इद्रिश क़ुरैसी उमर बठिया अहमद हुसैन मोईन ख़ान

# निगम कर्मचारियों को धमकी देने वाले अतिक्रमणकारी व पूर्व पार्षद के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज

**जगदलपुर 12 अक्टूबर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत गंगामुण्डा तालाब चौपाटी के समीप रोहित नाग पिता रविन्द्र नाथ निवासी गांधी नगर वार्ड के द्वारा अवैध रूप से तलाब बंड के ऊपर शासकीय जगह पर विगत 4 दिनों से अतिक्रमण कर चिकन दुकान का संचालन किया जा रहा था । आगामी दिनों में छठ महापर्व की पूजा-अर्चना गंगामुड़ा तालाब में की जाती है, उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार के मांसाहारी से संबन्धित व्यवसाय को हटाने के लिए निगम के निर्देश के परिपालन में अतिक्रमण को हटाने कहा गया, जिस पर अतिक्रमण धारी के द्वारा निगम कर्मचारियों को जान से मार देने की धमकी दी गयी तथा, अतिक्रमण धारी रोहित नाग एवं राजेश नाग पिता रविन्द्र नाथ के द्वारा पूर्व पार्षद एवं वार्ड के महिला-पुरूष लगभग 20 से 25 जनों के साथ कार्यालय में आकर अभद्र गाली-गालौज करने लगे साथ ही पूर्व पार्षद विक्रम डांगी के द्वारा मुझे कहा गया कि तू ज्यादा उछल रहा है, तेरा मस्ती मै निकाल दूंगा, मेरी सरकार आने दे तेरे को मैं बताऊंगा बोलकर धमका रहा था । तत्पश्चात आज शनिवार को निगम कर्मचारियों एवं महापौर, एमआईसी व पार्षदों द्वारा बोधघाट थाना को पत्र लिखकर पुलिस बल को ले जाकर उक्त अतिक्रमण को हटाने का आवेदन प्रस्तुत कर एफ्आईआर दर्ज करवाया गया है।



■ शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पुल-पुलिया जैसे क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जा रहा

# वन मंत्री ने कुआकोंडा में रेडी-टू-ईट पोषण आहार उत्पादन यूनिट का किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** जिले के कुआकोंडा विकासखंड में शनिवार को दंतेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित रेडी-टू-ईट उत्पादन यूनिट का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और पारंपरिक श्रद्धा के साथ हुआ। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने फीता काटकर उत्पादन यूनिट का उद्घाटन किया और बटन दबाकर मशीनों को चालू किया। उन्होंने पूरे उत्पादन एवं पैकेजिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया और तैयार हो रहे रेडी-टू-ईट पैकेटों की गुणवत्ता देखी। कार्यक्रम में वन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में दंतेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह दंतेवाड़ा के लिए गर्व का विषय है कि अब जिले में ही पौष्टिक आहार के निर्माण की यूनिट शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में जो समस्याएं थीं, वह अब दूर हो रही है। यह बदलाव महिलाओं की सकारात्मक जागरूकता के फ्लस्वरूप दिख रहा है। यहां की महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पुल-पुलिया जैसे क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जा रहा है, और अब महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त होकर लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने सभी से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और पोषण युक्त आहार के उपयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। मंत्री श्री कश्यप ने इस अवसर पर सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं,महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला कोष ऋण योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी और महिलाओं से इनका लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा कि दंतेवाड़ा जिले से कुपोषण को समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार नई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं, जो महिलाओं और समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। श्री अटामी ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने का आह्वान किया ताकि वे आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बन सकें। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की और इस पहल को जिले में पोषण, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम बताया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी श्री वरुण नागेश ने बताया कि आने वाले समय में रेडी-टू-ईट आहार का वितरण कुआकोंडा, किरंदुल, कटेकल्याण और बड़ेगुडरा परियोजनाओं के अंतर्गत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस यूनिट से लगभग 13,000 बालक-बालिकाएं, 2,000 गर्भवती महिलाएं और 2,500 शिशुवती माताएं लाभान्वित होंगी।



# मूल्य आधारित शिक्षा से ही राष्ट्र होगा सशक्त : गजेन्द्र यादव

## अभ्युदय संस्थान, अछोटी में चेतना विकास एवं मूल्य आधारित शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** अभ्युदय संस्थान, अछोटी में चेतना विकास एवं मूल्य आधारित शिक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के शिक्षा ,ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री श्री यादव ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, चेतना और सकारात्मक परिवर्तन का आधार है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नई शिक्षा नीति में नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्यों और व्यवहारिक ज्ञान को विशेष महत्व देने की आवश्यकता है। श्री यादव ने शिक्षकों से आवाहन किया कि वे विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को प्राथमिकता दें, ताकि आने वाली पीढ़ी विकसित छत्तीसगढ़ और सशक्त भारत निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। मंत्री श्री यादव ने कहा कि स्वच्छ समाज की नींव सशक्त शिक्षा व्यवस्था पर ही आधारित है। जब विद्यालयों में संस्कार, अनुशासन और सेवा भाव का वातावरण विकसित होगा, तब राष्ट्र भी स्वच्छ, सशक्त और जागरूक बनेगा।

कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लेकर वर्तमान शिक्षा परिस्थितियों को और बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। सभी ने नई शिक्षा नीति में मूल्य आधारित शिक्षा को विद्यालयों में और प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया, ताकि विद्यार्थी सशक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

कार्यक्रम में लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी, योगेश शास्त्री, संकेत ठाकुर, अनीता शाह, पार्षद कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे सहित क्षेत्र के अनेक शिक्षकगण एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पंचायत सचिव मोहन पटेल निलंबित

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत बड़ेलोरम, जनपद पंचायत पिथौरा के सचिव श्री मोहन पटेल को लापरवाही, उदासीनता तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, श्री पटेल द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय नियमित रूप से संचालित नहीं किया जा रहा था तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन, पेंशन भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र निर्माण एवं अन्य पंचायत कार्यों में विलंब किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, ग्रामसभा का आयोजन नहीं करने, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने और चार माह तक अनुपस्थित रहने की पुष्टि हुई थी। परिणााम स्वरूप निलंबन की कार्यवाही की गई है। ग्राम पंचायत बड़ेलोरम में सचिव के रूप में श्री सूरज साहू की तैनाती की गई है।

### सामान्य सभा का सम्मिलन 15 अक्टूबर को

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य सभा का सम्मिलन आगामी 15 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित इस सम्मिलन में शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सड़क निर्माण, कृषि विभाग, क्रेडा विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### टैक्सी ड्राइवर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 17 तक

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राइवर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 17 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम दसवीं पास युवा इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों का 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग आयोजित है।

### पुलिस ने नक्सलियों के मसूबों को किया नाकाम

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना नगरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरसिया से चंदनबाहरा मार्ग पर नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाने की जानकारी मिली थी तथा आसपास के जंगल क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों की भी सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर एसपी.धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में एवं एएसपी.श्री शैलेन्द्र पांडेय के हमराह में डीआरजी नगरी एवं बीडीएस टीम का संयुक्त पुलिस बल आज दिनांक 11.10.2025 को नक्सल विरोधी अभियान, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के लिए रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान चंदनबाहरा आवागमन मार्ग में पुलिस दल को 10 किलो वज़न का कमांड-टिपिन आईईडी संदिग्ध अवस्था में प्राप्त हुआ। जिसे डीआरजी टीम की सुरक्षा में एवं बीडीएस टीम की सतर्कता व तकनीकी दक्षता से सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही से एक बड़ी नक्सली साजिश विफल हुई तथा पुलिस बल द्वारा त्वरित और साहसिक कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा की स्थिति बनाए रखने में सफलता प्राप्त की गई है।

## श्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# हमारी सरकार सुशासन और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध : विष्णु देव साय

- झगरपुर में कोलता समाज ने किया भव्य आयोजनः सीएम ने की 63 करोड़ से अधिक के विकासकार्यों की घोषणाएं कीं
- 50 करोड़ की लागत से बनेगा कुंजारा तोलगे मिलूपारा मार्ग



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झगरपुर में कोलता समाज द्वारा आयोजित रणेश्वर रामचंडी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरपुर परिसर में किया गया, जहाँ समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पारंपरिक गजमाला पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री साय ने रणेश्वर रामचंडी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर माता रामचंडी के चरणों में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि झगरपुर की इस पावन भूमि पर आकर उन्हें आत्मिक शांति का अनुभव हुआ है। यह मंदिर न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक चेतना और एकता का भी सशक्त प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और परंपराओं में बसती है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। उन्होंने माता-पिता को सच्चा ईश्वर बताते हुए कहा कि यदि माता-पिता प्रसन्न हैं तो सभी देवी-देवता प्रसन्न रहते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से अपने घर के बड़ों के प्रति सम्मान और सेवा-भाव बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए ई-गवर्नेंस की शुरुआत हो चुकी है तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ सतत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के 18 से 19 माह के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया गया है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया गया, धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल प्रति एकड़ की गई, और समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए की सहायता दी जा रही है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। भूमिहीन मजदूर सहायता योजना, तेंदूपत्ता खरीदी 5,500 रुपए प्रति मानक बोरा, रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसी योजनाएं जनहित में संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संसाधनों से समृद्ध राज्य है, और जनसहयोग तथा संसाधनों के सही उपयोग से हम विकास के नए अध्याय लिख रहे हैं। 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' यह केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी कार्यसंस्कृति है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 35,440 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं - प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन- का शुभारंभ किया है। यह योजनाएं देश के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, कृषि उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण समृद्धि के लिए सतत प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि भूमि रजिस्ट्री व्यवस्था में सुधार कर शासन प्रणाली में नई पारदर्शिता और जवाबदेही लाई गई है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झगरपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, विकासखंड मुख्यालय लैलूंगा में कोलता समाज हेतु सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए, कुंजाराङ्कतोलगेङ्कमिलूपारा मार्ग निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपए, वार्ड क्रमांक 5 पटेलपारा के बीच नदी में स्टॉप डैम कम कॉजवे निर्माण हेतु 2.5 करोड़ रुपए, लैलूंगाङ्ककुंजारा से गमेकेला में खारुन नदी पुलिया निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए और वार्ड क्रमांक 11 में शासकीय कन्या हाईस्कूल के नवीन भवन निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। कोलता समाज का आशीर्वाद और सहयोग सदैव प्रेरणास्रोत रहा है।

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि उसे ऐसे जनसेवक का नेतृत्व प्राप्त है जो प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पदभार ग्रहण करने के मात्र 12 दिन बाद ही 13 लाख किसानों को 3,716 करोड़ रुपए बोनस का भुगतान कर दिया। धान खरीदी की सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ और मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। प्रदेश में 18 लाख से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है।

## पारिवारिक व सामाजिक उत्सव का केंद्र बन रहा है सेजेस सिंगपुर

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय को सामाजिक जन चेतना का केंद्र बनाने हेतु सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों के द्वारा सतत प्रयास जारी है।जब से सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तब से नियमित समुदाय के लोग विद्यालय से जुड़ रहे हैं। अब हालात यह है कि लोग अपने जन्म दिन,बच्चे के जन्म दिन,वैवाहिक वार्षिक उत्सव,पुण्य स्मृति ,प्रियजन की स्मृति के बहाने स्कूल पहुंचकर नेवता भोज के साथ साथ स्कूल को कुछ न कुछ भेंटकर समृद्ध कर रहे हैं। ज्ञात हो कि समुदाय के समर्थन से स्थापित विद्यालय ÷थाती ÷ को विविध पुस्तकें देकर समृद्ध बनाने का काम समाज के हर तबके के लोग कर रहे हैं। इसी परंपरा के निर्वहन हेतु टिकेश्वर ध्रुव ने अपने बेटे ओजस के जन्म दिन पर सेजेस सिंगपुर पहुंचकर प्रेरणादायी एवम प्रतियोगी परीक्षा से सम्बंधित एक दर्जन किताबें एवं अंग्रेजी की डिक्शनरी विद्यालय को भेंट की।

इस अवसर पर सिंगपुर के सरपंच लोमेश्वर साहू,डॉ हेमन्त साहू, सफीना बानो, राधेलाल सिन्हा उपस्थित थे। टिकेश्वर ध्रुव की इस पहल के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य एवम समस्त शिक्षकों ने कृतज्ञता ज्ञापित कर उन्हें आश्वस्त किया गया है कि समुदाय से प्राप्त प्रत्येक सामग्री का सदुपयोग बच्चों के अधिगम में वृद्धि हेतु किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वाचनालय पहुंचकर वाचनालय प्रभारी श्रीमती मोनिका रावटे से बच्चों के द्वारा पढ़ी जाने वाली पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पुस्तक पढ़ने का आह्वान किया।बच्चों ने इस अवसर पर मन लगाकर पढ़ने का संकल्प लिया।

## संभागायुक्त ने किया गिरदावरी का निरीक्षण,दिए पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश



**धमतरी, 12 अक्टूबर।** संभागायुक्त महादेव कावरे आज आकस्मिक निरीक्षण पर कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा पहुंचे। उन्होंने राज्य शासन द्वारा विकसित पी.वी. ऐप के माध्यम से हो रहे गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण किया और डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने कृषक मिश्रीलाल से खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति, पंजीयन, खाद-बीज की उपलब्धता एवं पूर्व में हुए धान विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से संवाद कर फसल उत्पादन की संभावनाओं और योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा की।

संभागायुक्त ने पटवारियों से गिरदावरी पोर्टल, डेटा एंट्री की सटीकता तथा सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख इंदिरा नवीन सिंह ने बताया कि गिरदावरी सत्यापन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा पी.वी. ऐप के माध्यम से मोबाइल पर ही डिजिटल वेरीफिकेशन किया जा रहा है, जिससे त्रुटियों का शीघ्र निराकरण संभव हो सके। तहसीलदार कुरूद दुर्गा साहू ने तहसील स्तर पर चल रहे गिरदावरी कार्यों की प्रगति बताई। राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने ऐप की तकनीकी कार्यप्रणाली और फील्ड में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी। संभागायुक्त कावरे ने कहा कि गिरदावरी कार्य पूर्ण पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए। पी.वी. ऐप के माध्यम से सत्यापन की गति बढ़ाई जाए, फील्ड में जाकर किसानों से संवाद स्थापित किया जाए, और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्यवाही की जाए। संभागायुक्त ने कहा कि गिरदावरी कृषि से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण आधारभूत कार्य है। इसकी सटीकता से ही किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समय पर और सही व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। डिजिटल तकनीक से पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी।

## किसानों के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम

# धमतरी में ऑयल पाम का पौधारोपण शुरू, बदलेगी किसानों की आर्थिक दशा

- कृषक मोहन साहू के खेत में एक हेक्टेयर क्षेत्र में लगाया गया ऑयल पाम

**धमतरी, 11 अक्टूबर।** किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में धमतरी जिला प्रशासन निरंतर नवाचारों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम डूमरपाली में कृषक मोहन साहू के खेत में एक हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पाम का पौधारोपण कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अम्मा ऑयल पाम के क्षेत्रीय कर्मचारी की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। 'धमतरी जिले में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए अम्मा ऑयल पाम प्लांटेशन लिमिटेड हैदराबाद को अधिकृत किया गया है। यह संस्था किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ.साथ उत्पाद की खरीदी भी सुनिश्चित करेगी।

चयनित किसानों द्वारा अब तक 11.90 हेक्टेयर क्षेत्र हेतु 1703 पौधों का भंडारण किया जा चुका है। गत माह सितंबर के प्रथम सप्ताह में किसानों को ऑयल पाम खेती की उन्नत तकनीक और संभावनाओं से परिचित कराने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में अध्ययन भ्रमण दल को रवाना किया गया था। इस दल में जिले के 8 गांवों के 30 चयनित किसानए 3 कृषि विस्तार



अधिकारी एवं 2 उद्यान विस्तार अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने महासमुंद जिले के ग्राम भलेसर स्थित कृषि प्रक्षेत्रों का अवलोकन किया।

**ऑयल पाम खेती को मिलेगी नई पहचान :** जिले को नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल्स एंड ऑयल पाम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए 300 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पाम खेती का लक्ष्य मिला है। योजना के तहत किसानों को पौध रोपण, रखरखाव, अंतरवर्ती फसल, फेंसिंग एवं ड्रिप सिंचाई पर अनुदान दिया जाएगा।

साथ ही दो हेक्टेयर फसल प्रदर्शन हेतु नलकूप खनन और पंप प्रतिस्थापन पर अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाएगी। प्रत्येक किसान को अधिकतम 2,51,250 तक की अनुदान राशि प्राप्त हो सकेगी।

**कम लागत, अधिक मुनाफा :** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि ऑयल पाम पौधारोपण के 3-4 वर्ष बाद उत्पादन देना शुरू करता है और लगभग 30 वर्षों तक लगातार उत्पादन प्राप्त होता है। प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन 20-25 टन प्रतिवर्ष होता हैए जिसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग ?1700 प्रति क्विंटल है। यह फसल पथरीली या कम उपजाऊ भूमि में भी आसानी से उगाई जा सकती है तथा जंगली या पालतू पशुओं से भी सुरक्षित रहती है।'

कलेक्टर मिश्रा ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक फसलों की बजाय ऑयल पाम जैसी उच्च आय देने वाली फसलों को अपनाएँ। जिला प्रशासन किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सभी स्तर पर सहयोग प्रदान करेगाए जिससे उन्हें स्थायी और समृद्ध कृषि आय प्राप्त हो सके।'

## समाचार संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण से शिक्षिका की पदस्थापना होने से बच्चे उत्साहित



**रायपुर, 12 अक्टूबर।** कोरबा जिले के पाली विकासखंड के ग्राम अलगीडाँड़ स्थित प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत नई शिक्षिका के पदस्थ होने से विद्यालय में नई ऊर्जा आई है। विगत कई वर्षों से यह विद्यालय एकल शिक्षकीय संस्था के रूप में संचालित हो रहा था, जहाँ प्रधानपाठक रघुवीर सिंह अकेले सभी कक्षाओं को संभाल रहे थे।

युक्तियुक्तकरण के पश्चात् शिक्षिका श्रीमती इंदु पैकरा के पदस्थ होने से अब शिक्षण कार्य सुचारू एवं प्रभावी हो गया है। विद्यालय में वर्तमान में 63 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें अधिकांश अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। नई शिक्षिका के आने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। बच्चे अब पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय हो रहे हैं।

प्रधानपाठक रघुवीर सिंह ने बताया कि अतिरिक्त शिक्षिका की नियुक्ति से विद्यालय संचालन में बहुत सुविधा हुई है। वहीं शिक्षिका श्रीमती इंदु पैकरा ने कहा कि बच्चे अब पढ़ाई में अधिक रुचि ले रहे हैं और बेहतर भविष्य के सपने देख रहे हैं।

### सूखे नशे के तीन और शराब के 20 सौदागर, दो चाकूबाज गिरफ्तार, 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



- ऑपरेशन निश्चय के तहत धमतरी पुलिस का तीसरा बड़ा अभियान, 92 स्थानों पर दबिश
- नशे व अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, अभियान आगे भी जारी रहेगा

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** आईजी रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एसपी.धमतरी के नेतृत्व में धमतरी पुलिस द्वारा आज तड़के सुबह एक विशेष सघन अभियान निश्चय चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 92 स्थानों पर दबिश दी गई एवं संदेहियों को चेक किया गया। इस दौरान अलग-अलग कुल 18 टीम बनाकर गुंडा-बदमाश,असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही की गई। अभियान की प्रमुख कार्यवाही-: एनडीपीएस एक्ट-: कुल 03 प्रकरण,03 आरोपी गिरफ्तार जप्त मादक पदार्थ : 1 किलो 90 ग्राम मादक पदार्थ गांजा आबकारी एक्ट-: 20 प्रकरण,20 आरोपी गिरफ्तार,84.100 लीटर अवैध शराब जप्त प्रतिबंधक कार्यवाही-: धारा 170 बीएनएसएस. के तहत - 15 प्रकरण 15 व्यक्ति, धारा 126-135 बीएनएसएस. के तहत - 21 प्रकरण 22 व्यक्ति, आर्म्स एक्ट 02 प्रकरण 02 आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कुल 92 स्थानों में दबिश देकर संदेहियों को चेक किया गया। अन्य कार्यवाही-:रेड कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से जर्दा गुटखा बनाने की फैक्ट्री जिसमें हैवी मशीनरी लगे हैं। उक्त के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मात्र दो दिन पूर्व ही धमतरी पुलिस ने सघन अभियान चलाकर एक ही दिन में 37 आबकारी मामलों में कार्यवाही की थी, जिसमें विशेष रूप से विभिन्न ढाबों पर की गई कार्रवाई भी शामिल थी। धमतरी पुलिस का संदेश-: धमतरी पुलिस जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नशे के विरुद्ध लड़ाई लड़ने एवं गुंडा-बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार सघन अभियान चला रही है। आगे भी ऐसी कड़ी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।

### मोर गांव मोर अभियान में महिला कमांडो प्रशिक्षण समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संवाहक बने



- नशे जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय : कलेक्टर
- समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संवाहक बने नशा मुक्ति महिला कमांडो : मिश्रा

**धमतरी, 12 अक्टूबर।** मोर गांव मोर अभियान अंतर्गत सरपंच संघ एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज कुरूद के विश्रामगृह में नशा मुक्ति महिला कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सकड़ों महिला कमांडो शामिल हुई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर गठित नशा मुक्ति महिला कमांडो दलों को आत्मरक्षा, नेतृत्व विकास, कानूनी जागरूकता तथा आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त एवं प्रशिक्षित करना है, ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संवाहक बन सकें।

कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरपंच संघ एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज की नशा मुक्ति कुरीतियों को समाप्त करने के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नशा जैसी बुराई को मिटाने की शुरुआत घर से ही करनी होगी। घर-परिवार और समाज में नशे के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए इसके विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के अधिकांश मामलों में नशा प्रमुख कारण होता है, इसलिए वाहन चलाते समय नशा न करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहने के लिए भी जागरूक किया जाए। उन्होंने वाहन भी नियंत्रित गति से चलाने का भी आव्हान किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी। लोगों को नशामुक्ति हेतु जागरूक करने का आग्रह किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणि शंकर चंद्र ने कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव जनता की सहायता के लिए तत्पर है। नशा या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## एक नजर

### रजत जयंती महोत्सव पर ग्राम सभाओं का आयोजन 13 से 26 अक्टूबर तक

**महासमुंद 12 अक्टूबर।** राज्य शासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं कि उनके अधीनस्थ सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं नियत तिथियों पर आयोजित की जाएं। विशेष ग्राम सभा के आयोजन का उद्देश्य पिछले 25 वर्षों में ग्राम के विकास कार्यों की समीक्षा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पाद प्रदर्शनी एवं बिक्री, रजत जयंती खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाना तथा स्कूली बच्चों, पंच-सरपंचों एवं नागरिकों द्वारा वर्ष 2050 में मेरा गांव कैसा हो विषय पर नारों और तख्तियों के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

### रेत खदान आबंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन एमएसटीसी पोर्टल पर करें

**महासमुंद, 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग द्वारा जारी छत्तीसगढ़ गौण खनिज (साधारण रेत) उत्खनन एवं व्यवसाय नियम, 2025 के तहत अब रेत खदानों का आबंटन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि नये नियमों के अनुरूप जिले में प्रथम चरण में दो रेत खदानों का आबंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत खेमड़ा एवं नर्रा शामिल हैं। ऑनलाइन तकनीकी एवं वित्तीय बोली 01 नवम्बर 2025, सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर 07 नवम्बर 2025, शाम 5:30 बजे तक रहेगा। ई-नीलामी हेतु आवश्यक दस्तावेज डिजिटल सिग्नेचर, बैंक खाता,छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड / टीआईएन नंबर / जीएसटीएन, आधार कार्ड एवं दो शपथ पत्र (प्रारूप अनुसार) शामिल हैं।

### ग्राम पंचायत बड़ेलोरम सचिव निलंबित

**महासमुंद, 12 अक्टूबर।** जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत कार्यरत ग्राम पंचायत बड़ेलोरम के सचिव श्री मोहन पटेल को अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद श्री हेमंत नंदनवार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जनपद पंचायत पिथौरा द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार श्री पटेल द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय नियमित रूप से नहीं खोला जा रहा था।



# ग्राम पंचायत सांकरा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया

**नगरी 12 अक्टूबर।** ग्राम पंचायत सांकरा में आज सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने फीता काटकर किया। आयोजन में ग्रामीण युवाओं का उत्साह देखने लायक था। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की छुपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाना है।

शुभारंभ के मौके पर कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल जैसे विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। कार्यक्रम में जनपद सीईओ रोहित बोरझा, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, सरपंच नागेंद्र बोरझा, सहकारी सेवा समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, मेचका के सरपंच जीवन नाग, हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य अनिभा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पंचायत सदस्य, ग्रामीण खेल प्रेमी और युवा खिलाड़ी मौजूद रहे। अपने संबोधन में अरुण सार्वा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, भाईचारा और टीम भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने ग्राम स्तर पर खेल महोत्सव को ग्रामीण युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल महोत्सव आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया 42 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं का शुभारंभ

**महासमुंद, 12 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई दिल्ली स्थित पुसा परिसर से देशभर के किसान भाइयों और बहनों को 42 हजार करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया। इस अवसर पर पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन तथा कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया गया।

जिले में राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर में किया गया। वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश में सब्ज़ियों का उत्पादन 640 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ा है, दाल एवं दुग्ध उत्पादन में दोगुनी वृद्धि हुई है तथा भारत आज दुग्ध उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों को 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की फसल बीमा राशि, 25 करोड़ से अधिक सॉयल हेल्थ कार्ड एवं 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक के उर्वरक अनुदान प्रदान किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का क्रियान्वयन प्रत्येक जिले की जलवायु एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, कनेकेरा सोसायटी अध्यक्ष श्री हरेंद्र साहू, ग्राम पंचायत भलेसर सरपंच श्री सेवाराम कुंवर, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र में दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन विषय पर कृषक संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। इसमें किसानों को अरहर, उड़द, तिल सहित फलदार पौधों, सब्जी उत्पादन एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल द्वारा किसानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया।

## 22 वें नवकार जाप का आयोजन किया



**रायपुर 12 अक्टूबर।** नवकार जाप ग्रुप व शंकर नगर जैन श्रीसंघ द्वारा रविवार दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को कचना स्थित आनंदम वल्ड सिटी अंतर्गत श्री मुनि सुब्रत स्वामी जिनालय परिसर में प्रातः 9 से 9:48 तक सकल जैन समाज के शाश्वत महामंत्र नवकार के जाप के 22 वें क्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सकल जैन समाज के साधार्मिक जनों की सहभागिता रही। उपरोक्त जानकारी देते हुए नवकार जाप ग्रुप के वीरेंद्र डागा ने आगे बताया कि नवकार जाप ग्रुप द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को नवकार जाप का आयोजन प्रातः 9 से 10 बजे तक अलग-अलग संघों के सहयोग से अलग-अलग क्षेत्रों में अनवरत किया जा रहा है। जाप में विशेष रूप से आशीष जैन, राजेन्द्र पारख, वीरेंद्र डागा, संजय गिड़िया, राजेन्द्र सेठिया, फूलचंद नाहटा, निर्मला भंडारी, निकुंज साचला, मनोज जैन उपस्थित रहे।

## डॉ. नीरज पांडेय बने एफसीओबी छत्तीसगढ़ के चेयरमैन

**रायपुर 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़े ही हर्ष और गौरव की बात है कि डॉ. नीरज पाण्डेय जी को फॉर्मर काउंसिल ऑफ भारत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का चेयरमेन नियुक्त किया है। डॉ. पाण्डेय जी ने पिछले 15 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में बहुत ही अभूतपूर्व कार्य किए है। कृषि क्षेत्र में डॉ पाण्डेय जी ने हमेशा किसानो के हित में उनकी आय को बढ़ाने एवं किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किए है। डॉ. पाण्डेय जी कृषि के क्षेत्र में उन्नतशील बीजों, एवं उत्तम गुणवत्ता की रसायनिक एवं जैविक कृषि दवाइयों एवं उर्वरकों के क्षेत्र में बहुत बड़े स्तर पर काम किया है और फॉर्मर फील्ड्स पर बहुत ही महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य किए है जोकि एक



अलग पहचान के रूप में जाने जाते है। फॉर्मर काउंसिल ऑफभारत ने डॉ. पाण्डेय जी को एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है, पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हर जगह हर्ष और उल्लास का माहौल है। डॉ. पाण्डेय जी ने मीडिया से बात करते हुए बताया है कि हम अपने अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों एवं आम जनता तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे तथा फॉर्मर काउंसिल ऑफ भारत, भारत सरकार की सभी योजनाओं जैसे कि कृषि विभाग की सभी स्कीमों, महिला सशक्तिकरण, स्किल इंडिया, पशुपालन, हेल्थ स्कीमों, स्स्स्थ्रस लोन, रोजगार, स्नस्स्ढ्ढ, सहकारिता स्कीमों, सोलर स्कीमों को धरातल पर लागू करने का पूरा प्रशास करूंगा तथा आम आदमी को भारत सरकार की सारी योजनाएं जमीनी स्तर पर करवाने की पूरी कोशिश करूंगा। डॉ. पाण्डेय जी ने यशस्वी प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत अभियान, आत्म निर्भर भारत, मेन इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल जैसे उद्देश्यों को फार्मर काउंसिल ऑफभारत छत्तीसगढ़ पूरा करने का काम करेगी। प्रदेशवासियों का आर्थिक उन्नयन करने का कार्य करेंगे और इसके साथ-साथ सभी प्रदेशवासियों को धन्यवाद दिया और कहा कि स्नष्टह्क्कने जो भी जिम्मेदारी दी है उसका पूरी निष्ठा भाव से निर्वाहन करूंगा।

## व्यापार

## एक नजर

### डी-मार्ट को दूसरी-तिमाही में 746 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर।** रिटेल चेन डी-मार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 746 करोड़ रुपए का मुनाफा (स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 5.07% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में भी कंपनी को 710 करोड़ का ही मुनाफा हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में डी-मार्ट ने ऑपरेशन से ?16,219 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 15.43% बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू ?14,050 करोड़ रहा था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। नतीजे जारी करने से पहले शुक्रवार 10 अक्तूबर को एवेन्यू सुपरमार्ट (डी-मार्ट) का शेयर 0.53% बढ़कर 4,328 के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर एक साल में 5त्न गिरा है। हालांकि, बीते 6 महीने में यह 5त्न और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 21% चढ़ा है। सुपरमार्केट चेन डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी हैं। उन्होंने डी-मार्ट की शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से की थी। यहां उन्होंने डी-मार्ट का पहला स्टोर ओपन किया था। 1999 में दमानी ने नई मुंबई के नेरुल में 'अपना बाजार' की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी, पर उन्हें यह मॉडल जमा नहीं था। डी-मार्ट सुपरमार्केट चेन को एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ऑपरेट करती है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के CEO नेविल नोरोन्हा हैं। 68 साल के राधाकिशन दमानी की कंपनी डी-मार्ट ने 2017 में शेयर बाजार में डेब्यू किया था। डी-मार्ट 21 मार्च 2017 को शेयर बाजार में लिस्ट हुई थी, उस दिन कंपनी मार्केट कैप 39,988 करोड़ रुपए था। अब कंपनी का मार्केट कैप 2.81 लाख करोड़ रुपए है।

### डिजिटल इंडिया के साथ साइबर सुरक्षा भी हो रही मजबूत

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर।** भारत का साइबर स्पेस पहले से कहीं अधिक व्यस्त है, हर दिन करोड़ों लेन-देन और पारस्परिक कार्यकलाप किए जा रहे हैं। 86 प्रतिशत से अधिक परिवार अब इंटरनेट से जुड़े हुए हैं, जो डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। बढ़ते डिजिटल परिदृश्य ने नागरिकों को अपनी उंगलियों पर डिजिटल सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। साथ ही, इसने साइबर धोखाधड़ी के लिए हमले की संभावनाओं को और भी प्रबल बना दिया है, जिससे साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है। साइबर धोखाधड़ी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाने वाली भ्रामक गतिविधियों को संदर्भित करती है जैसे कि अनाधिकृत पहुंच, डेटा चोरी या ऑनलाइन घोटाले, जिनका उद्देश्य अक्सर पीड़ितों को वित्तीय नुकसान पहुंचाना होता है।

# हफ्तेभर में चांदी 19,000 और सोना 4,571 रुपए महंगा

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर।** कल की बड़ी खबर रिलायंस पावर से जुड़ी रही। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस पावर लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफफाइनेंशियल ऑफिसर अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया। वहीं बीते हफ्ते सोना-चांदी के दाम में काफी बढ़त देखने को मिली। सोने की कीमत हफ्तेभर में 4,571 रुपए (4%) बढ़कर 1,21,525 हो गई। चांदी का भाव एक हफ्ते में 18,890 रुपए (12.90त्न) बढ़कर 1,64,500 तक पहुंच गया।



प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस पावर लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पाल पर अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप (क्र्र) से जुड़े ?68.2 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी और इनवॉइसिंग का आरोप है।

अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर से भारतीय एक्सपोर्टर्स को फायदा हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले चीन पर 100त्न टैरिफ लगाने का ऐलान किया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिलेगा।

इस हफ्ते सोना-चांदी के दाम में काफी बढ़त देखने को मिली। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत हफ्तेभर में 4,571 रुपए (4%) बढ़कर ?1,21,525 हो गई। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन (3 अक्टूबर) कीमत ?1,16,954 पर थी। वहीं, चांदी की कीमत में इस दौरान और भी ज्यादा तेजी देखी गई। 3 अक्टूबर को चांदी का भाव 1,45,610 प्रति किलोग्राम था, जो 10 अक्टूबर तक 18,890 रुपए (12.90%) बढ़कर 1,64,500 तक पहुंच गया।

रिटेल चेन डी-मार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 746 करोड़ रुपए का मुनाफा (स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 5.07त्न बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में भी कंपनी को 710 करोड़ का ही मुनाफा हुआ था। मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 1,94,149 करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टॉप गेनर रही। कंपनी की वैल्यू ?45,678 करोड़ बढ़कर 10.96 लाख करोड़ हो गई है।

# एयरटेल का नेटवर्क डाउन, ट्रांजेक्शन अटकने की भी शिकायतें

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल की नेटवर्क सर्विस देशभर के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों से डाउन चल रही हैं। यूजर्स फोन कॉल नहीं कर पा रहे हैं, मोबाइल इंटरनेट ठीक से काम नहीं कर रहा और कुछ को तो सिग्नल ही नहीं मिल रहा है। कुछ यूजर्स ने PI ट्रांजैक्शन अटकने की भी शिकायतें की हैं।




**35% लोगों ने नो सिगनल की रिपोर्ट की:** वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज का रियल टाइम स्टेटस बताने वाले प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के अनुसार, एयरटेल की सर्विसेज में 10 अक्टूबर शाम 7 बजे से समस्या देखने को मिल रही है। यूजर्स ने कनेक्टिविटी की समस्याओं को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

वहीं, शाम आज (11 अक्टूबर) 6:30 बजे सबसे ज्यादा करीब 40 शिकायतें दर्ज की गईं। समस्या फेस कर रहे करीब 9% लोगों को मोबाइल फोन सर्विसेज में दिक्कत आई। 57% लोगों को मोबाइल इंटरनेट में दिक्कतें हुईं। वहीं, 35% लोगों ने नो सिगनल की रिपोर्ट दर्ज की हैं।

**सोशल मीडिया पर नेटवर्क की समस्याओं से यूजर्स का गुस्सा:** एक यूजर ने लिखा, 'आपके नेटवर्क में क्या खराबी है? मैं बूस्टर से बस कुछ मीटर दूर हूं, लेकिन फिर भी एक ट्वीट (ङ्ग पोस्ट) तक नहीं भेज पा रहा।'

**दो महीने में दूसरी बार डाउन हुई सर्विसेस:** एयरटेल की सर्विसेस दो महीने में दूसरी बार डाउन हुई हैं। इससे पहले 18 अगस्त को भी कई यूजर्स ने नेटवर्क, मोबाइल डेटा, नो सिगनल और वॉयस सर्विसेज में समस्याओं की शिकायतें की थी। तब एयरटेल ने कहा था, 'हम वर्तमान में नेटवर्क आउटेज का सामना कर रहे हैं। हमारी टीम इस समस्या को हल करने और सर्विसेज को तुरंत बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। यूजर्स को हुई असुविधा के लिए खेद है।' हालांकि, इस बार सर्विसेस प्रभावित होने के 24 घंटे बाद भी कंपनी की ओर से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया है।

**पहली तिमाही में कंपनी को 7,422 करोड़ का मुनाफा:** वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को 7,422 करोड़ का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 57.31त्न बढ़ा है। अप्रैल-जून 2024 में यह ?4,718 करोड़ रहा था।

**अप्रैल-जून में रेवेन्यू 28% बढ़कर ?49,463 करोड़ :** पहली तिमाही में कंपनी ने संचालन से 49,463 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल के मुकाबले यह 28.46% ज्यादा है।

### टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 1.94 लाख करोड़ बढ़ी

**मुंबई 12 अक्टूबर।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 1,94,149 करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टॉप गेनर रही। कंपनी की वैल्यू ?45,678 करोड़ बढ़कर ?10.96 लाख करोड़ हो गई है। वहीं, बिकवाली के चलते हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड 3,571 रुपए कम होकर ?5.94 लाख करोड़ पर और लाइफइंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (स्ढ्ढष्ट) का मार्केट कैप इस दौरान 4,649 करोड़ रुपए गिरकर ?5.68 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। शेयर बाजार में कल यानी शुक्रवार 10 अक्टूबर को तेजी रही। सेंसेक्स 328 अंक चढ़कर 82,501 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 103 अंक की तेजी रही, ये 25,285 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट रही। क्क्र बैंक, रियल्टी और फार्मा सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। वहीं हफ्तेभर के कारोबार में सेंसेक्स 1,294 अंक चढ़कर बंद हुआ।

# चीन पर ट्रम्प के 100% टैरिफ से भारत को फायदा

- टेक्सटाइल से लेकर फुटवियर जैसे सेक्टर में एक्सपोर्ट बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली12 अक्टूबर।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर से भारतीय एक्सपोर्टर्स को फायदा हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले चीन पर 100त्न टैरिफ लगाने का ऐलान किया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिलेगा। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30त्न टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130त्न टैरिफलगेगा। ट्रम्प ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है। दरअसल, चीन ने 9 अक्टूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नए टैरिफ लगाने की बात कही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, दोनों देशों के बीच इस ट्रेड वॉर का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है, लेकिन भारत के लिए यह एक बड़ा मौका साबित हो सकता है।

**सवाल: भारतीय एक्सपोर्टर्स को कैसे फायदा होगा?**

**जवाब:** अमेरिका ने चीनी सामानों पर भारी टैरिफ लगाया है, जिससे चीन के प्रोडक्ट्स अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। दूसरी तरफ, भारतीय सामानों पर अभी 50त्न टैरिफ है, जो चीन की तुलना में काफी कम है। इससे भारतीय प्रोडक्ट्स अमेरिका में ज्यादा कॉम्पिटेटिव हो जाएंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस के अध्यक्ष एससी रालहन ने कहा कि इससे भारत के 86 बिलियन डॉलर यानी 7.3 लाख करोड़ रुपए के एक्सपोर्ट में और बढ़ोतरी हो सकती है। खासकर टेक्सटाइल, खिलौने और अन्य



सामानों के एक्सपोर्टर्स को ज्यादा फायदा होगा। उदाहरण के लिए, एक टेक्सटाइल एक्सपोर्टर ने कहा कि यह टैरिफ भारत को अमेरिका में बड़ा मौका देगा। खिलौना एक्सपोर्टर मनु गुप्ता ने भी बताया कि अमेरिकी रिटेलर्स जैसे टारगेट ने उनसे नए प्रोडक्ट्स के लिए संपर्क किया है।

**सवाल: किन भारतीय सेक्टर्स को सबसे ज्यादा फायदा होगा?**

**जवाब:** टेक्सटाइल, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक्स, फुटवियर, व्हाइट गुड्स (जैसे फ्रिज, वॉशिंग मशीन) और सोलर पैनल जैसे सेक्टर्स को सबसे ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है। चीनी सामानों के महंगे होने से अमेरिकी खरीदार भारत की तरफरुख कर सकते हैं, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स अब ज्यादा किफायती होंगे।

**सवाल: इस ट्रेड वॉर का और किन देशों पर असर पड़ेगा?**

**जवाब:** अमेरिका के बड़े बिजनेस पार्टनर्स जैसे मेक्सिको और कनाडा को इस ट्रेड वॉर का सबसे ज्यादा नुकसान होगा। इसके अलावा एशिया के देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर भी प्रभावित होंगे। इन देशों की सप्लाई चेन में रुकावट आ सकती है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स में, क्योंकि ये देश अमेरिका और चीन दोनों के साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ते रखते हैं।

**सवाल: ग्लोबल मार्केट पर इसका क्या असर होगा?**

**जवाब:** थिंक टैंक GTRI के मुताबिक, इस ट्रेड वॉर से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, विंड टर्बाइन और सेमीकंडक्टर पार्ट्स की कीमतें ग्लोबल मार्केट में बढ़ सकती हैं।

## एक नजर

### दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** सदाणी दरबार स्थित शंकर बेकरी के शटर उठाकर अज्ञात चोर ने नकदी 400 सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना कैंप ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कपिल दवे भतरा 22 वर्ष गोकुल कॉम्पलेक्स सदाणी दरबार का रहने वाला है। प्रार्थी सदाणी दरबार के पास शंकर बेकरी के नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का शटर उठाकर नकदी 400 सहित चॉकलेट, कोल्ड्रिंक, बिस्किट व सिगरेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 35400 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।


### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से ग्राम खजरीढाप में लौटी रोशनी

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विकासखंड पत्थलगांव , ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बाधित विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड पत्थलगांव , ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित थी। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खजरीढाप में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।

### भारती सिंह बनीं 'ऊर्जा उत्पादक': सोलर रूफटॉप से घर बना मिनी पावरहाउस

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के चालू होने के एक वर्ष के भीतर ही शानदार परिणाम सामने आए हैं। जहाँ परिवार की औसत मासिक खपत लगभग 1200 यूनिट है, वहीं सोलर पैनल 850 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हर माह कर रहा है। यानी उनकी कुल खपत का करीब 70 प्रतिशत बिजली अब सूर्य से प्राप्त हो रही है। सिंह ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले हम सिर्फबिजली जलाते थे, अब हम इसे बनाते भी हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक महिला उपभोक्ता ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। खैरागढ़ के गंजीपारा निवासी भारती सिंह ने अपने घर की छत पर 10 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ्टॉप सिस्टम स्थापित कर अपने घर को एक मिनी पावरहाउस में बदल दिया है। समाचार माध्यमों के जरिए योजना की जानकारी मिलते ही श्रीमती सिंह ने तुरंत पहल की। लगभग 6 लाख रूपए की लागत से स्थापित यह प्रणाली उनके घर को न सिर्फबिजली उपभोक्ता बल्कि उत्पादक भी बना रही है। सरकारी सब्सिडी से मिला लाभ खर्च कम हुआ इस परियोजना की वास्तविक लागत को कम करने में केंद्र सरकार की 78 हजार रूपए और राज्य सरकार 30 हजार रूपए की सब्सिडी 3 किलोवॉट की सौर संयंत्र की स्थापना पर दे रही है, इससे निवेश का बोझ काफी हल्का हुआ। 8 साल में लागत वसूली, 17 साल तक मुफ्त बिजली श्रीमती सिंह का अनुमान है कि 8 से 9 वर्षों में निवेश की पूरी लागत वसूल हो जाएगी।

# धान खरीदी के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य



- किसान 31 तक करा सकेंगे पंजीयन
- एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-1030 पर कर सकते हैं संपर्क

**रायपुर , 12 अक्टूबर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-1030 पर संपर्क किया जा सकता है।

एग्रीस्टैक पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित एक यूनिफाइड एग्रीकल्चर डेटाबेस है, जिसमें किसानों का भूमि एवं आधार लिंक्ड पंजीयन किया जाता है। पंजीकरण उपरांत किसानों को एक यूनिक फार्मर आईडी (Unique Farmer ID) प्राप्त होती है। यह आधार लिंक्ड डेटाबेस शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ केवल वास्तविक पात्र किसानों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत किसानों को सीधे भुगतान किया जाता है। अतः शासन की मंशा है कि सभी पात्र किसान सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ इस योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त करें। एग्रीस्टैक में आधार-आधारित पंजीयन और ई-केवाईसी की व्यवस्था से संपूर्ण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता, सटीकता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।

गत वर्ष राज्य के 25.49 लाख किसानों ने धान विक्रय किया था। वर्तमान वर्ष में अब तक 21.47 लाख किसानों ने एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण कर लिया है। शेष किसान अपने निकटतम सहकारी समिति या निर्धारित केंद्र में जाकर 31 अक्टूबर 2025 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में सभी समितियों और जिला कलेक्टरों को पूर्व में आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि एग्रीस्टैक पोर्टल डिजिटल क्रांति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सटीक और किसान हितैषी बनाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य के 20 हजार ग्रामों में से 13 हजार 879 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया है। इस डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी की रिपोर्टों का 2 से 14 अक्टूबर 2025 तक ग्राम सभाओं में पठन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में मुनादी कर सूचना दी गई है और सर्वे सूची का पंचायत भवनों में प्रदर्शन (चस्पा) भी किया गया है।

इस कार्यवाही की सतत निगरानी जिला कलेक्टर, खाद्य अधिकारियों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा रही है। यह पहल डिजिटल एग्रीकल्चर और गुड गवर्नेंस की दिशा में राज्य का एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है।

## PICTURE-स्टोरी



रायपुर। लाखे नगर चौक में राष्ट्रीय पक्षी मोर की प्रतिमा दो हफ्तों से तैयार, अनावरण का इंतजार।

### वार्ड बॉय और आया की परीक्षा में उपजा विवाद

# चिल्लाते रहे कैंडिडेट्स लेकिन नहीं मिला प्रवेश प्रबंधन पर समय से पहले गेट बंद का करने आरोप

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की ओर वार्ड बॉय और वार्ड आया के पदों पर भर्ती के रविवार को एग्जाम लिया। लेकिन कई कैंडिडेट एग्जाम नहीं दे पाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि एग्जाम मैनेजमेंट में शामिल लोगों ने गेट वक्त से पहले बन्द कर दिया।

कैंडिडेट्स ने बताया कि गेट बंद होने का समय 10:30 का था, लेकिन 10:25 के आस-पास ही गेट बंद कर दिया गया। जबकि एडमिट कार्ड में भी साफ लिखा था कि एंट्रेस गेट आधे घंटे पहले बंद किया जाएगा। बता दें कि इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

एग्जाम का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक तय किया गया था। यानी कायदे से गेट 10:30 के पर बंद होना था। हालांकि, कैंडिडेट्स को ये निर्देश भी दिए गए थे कि फ्रिस्किंग के लिए कम से कम एग्जाम सेंटर दो घंटे पहले पहुंचे।



### 10 जिलों में सख्त निगरानी के साथ व्यापम ने कराई वार्ड ब्वॉय एवं आया भर्ती परीक्षा संपन्न

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह परीक्षा रविवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक राज्य के 10 जिलों में एक साथ आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में कड़ी निगरानी रखी गई। उम्मीदवारों की जांच की प्रक्रिया सख्त रही ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या नकल की संभावना को रोका जा सके। परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था और सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सभी इंतजाम किए गए थे।



# महिला सुरक्षा को लेकर 2500 संस्थानों को नोटिस किया जारी

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा पर बड़ा एक्शन प्लान लागू किया है. अब सरकारी और निजी कार्यालयों, दुकानों, मॉल, स्कूल, अस्पताल, होटल-रेस्टोरेंट, फैक्ट्रियों और कांट्रेक्ट एजेंसियों, सभी जगह महिला शिकायत समितियां बनाना अनिवार्य कर दिया गया है.

श्रम विभाग ने इस संबंध में हजारों संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं. रायपुर में ही 2500 से ज्यादा संस्थानों को नोटिस भेजी गई है, जबकि 2700 से अधिक संस्थानों ने समिति गठन की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है. यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 12 अगस्त के आदेश पर की जा रही है. कलेक्टरों को इसकी सीधी जिम्मेदारी दी गई है. समिति में एक पीठासीन अधिकारी (सीनियर महिला कर्मचारी) और चार सदस्य होंगे. एडवोकेट मृदुला सिंह का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद पीड़ित महिलाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय मिलने की संभावना काफी बढ़ जाएगी.

**खास बातें:** जहां 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हीं संस्थानों को नोटिस. समिति नहीं बनाने पर 50 हजार रुपए जुर्माना. समिति के सदस्यों के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक करना अनिवार्य.

### लौह शिल्प प्रदर्शनी में उत्पादों को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ लौह एवं शिल्पकार विकास बोर्ड द्वारा राजधानी रायपुर के टाउन हॉल में आयोजित तीन दिवसीय लौह शिल्प प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र का समापन आज संपन्न हुआ।

9 से 11 अक्टूबर तक चली इस प्रदर्शनी में राज्य के विभिन्न अंचलों से आए शिल्पकारों द्वारा लोहे से निर्मित हस्तशिल्प वस्तुओं का प्रदर्शन और विक्रय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था, जिससे शिल्पकारों को बाजार, पहचान और उचित मूल्य मिल सके। समापन अवसर पर दक्षिण विधान सभा के विधायक सुनील सोनी ने कहा कि ऐसी आयोजनों से बस्तर सरगुजा जैसे सुदूर अंचलों में निवासरत ग्रामीणों को एक अच्छा बाजार मिलता है। जिससे वह अपनी बनाई हुए वस्तुओं को उचित कीमत में बेच सके।

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे कलाकारों को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए राजधानी के आस पास कहीं भी कोई जमीन जिसमें ऐसे कलाकारों को हाट बाजार,प्रशिक्षण केंद्र आदि शुरू करना हो तो अवश्य दिया जाएगा। साथ ही श्री सुनील सोनी जी ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि भी बोर्ड को प्रदान करने की घोषणा भी की। ग्रामीण विधान सभा के विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि लौह शिल्पकारो ने के द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रसिद्धि पूरे विश्व में है। यह आए सभी शिल्पकारों को बोर्ड के अध्यक्ष एवं अधिकारी गणों को इस सफल आयोजन की शुभकामनाएं देता हु। साथ ही भविष्य में लौह शिल्पकला को बढ़ाने के हर संभव प्रयास मेरे द्वारा किया जाएगा। प्रदेश के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा जी ने लौह शिल्प प्रदर्शनी एवं कलाकारों की खूब सराहना की।

### दावड़ा विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में

# रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का आयोजन 13 को

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** योग विज्ञान विभाग, श्री दावड़ा विश्वविद्यालय, नया रायपुर एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर (सोमवार) को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है। यह भव्य कार्यशाला कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन, रायपुर में संपन्न होगी।

इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के योग विशेषज्ञ शामिल होंगे जो अपने अनुभव और ज्ञान से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों को लाभान्वित करेंगे। कार्यशाला में विद्यार्थी, शोधार्थी, फैकल्टी सदस्य एवं योग प्रेमी भाग ले सकते हैं। पंजीयन शुल्क सभी के लिए मात्र 500/- निर्धारित किया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि – शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 रखी गई है। प्रतिभागियों को स्मृति स्वरूप आकर्षक योगा किट प्रदान की जाएगी जिसमें योगा मैट, टी-शर्ट, योगा बैग, कॉपी, पेन एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला प्रमाणपत्र शामिल रहेगा। साथ ही प्रतिभागियों के लिए ब्रेकफास्ट, चाय, लंच एवं हाई टी की विशेष व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गई है। कार्यशाला के दौरान उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 21 व्यक्तियों को विशेष सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।




विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं योग प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन को सफल बनाएं और योग के वैश्विक संदेश को आगे बढ़ाएं।

# पुलिस ने 201 मोबाइल फोन रिकवर कर मालिकों को सौंपे

**भिलाई, 12 अक्टूबर।** मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाओं के साथ ही पुलिस भी इसके प्रति सजग हो गई है। गुम हुए मोबाइल को ढूंढने में वह अपनी तकनीकी टीम की मदद ले रही हैं और मोबाईल को ढूंढ कर उनके असली मालिकों को सौंप रही है इसके तहत दुर्ग पुलिस ने दुर्ग, भिलाई, बालोद बेमेतरा, राजनांदगाव तथा रायपुर क्षेत्र में गुम हुए करीब 201 मोबाइल को रिकवर कर उनके मोबाइल धारकों को वापस लौटाया आज भिलाई के कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने इन मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपुर्द किया तथा इस क्षेत्र में काम करने वाली अपनी पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि इस तरह के मोबाइल का इस्तेमाल गैर कानूनी गतिविधि के लिए भी किया जा सकता है अत लोगों को इसके प्रति सतर्क रहना चाहिए अपना मोबाइल फिर से पाने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए दुर्ग पुलिस के कार्यों की सराहना की मोबाईलों जुमला कीमती तकरीबन 41 लाख रूपये का बरामद किया गया।



**कार्यक्रम** | सिंगर रूप कुमार राठौड़ रायपुर पहुंचे, इससे पहले लगातार दो बार शो हुआ था कैंसिल

# 'साउंड ऑफ सोल' के सीजन-3 में करेंगे परफॉर्म

रायपुर, 12 अक्टूबर। राजधानी में आज (रविवार) को सिंगर रूप कुमार राठौड़ का शो होने वाला है। राठौड़ 'साउंड ऑफ सोल' के सीजन-3 में परफार्म करेंगे। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। जिसके लिए सिंगर रायपुर पहुंच चुके हैं। इससे पहले दो बार डेट लॉक होने बाद यह शो रद्द हो गया था।

आयोजकों ने बताया कि, इस बार ये कार्यक्रम खासतौर पर देश के सैनिकों और सुरक्षा बलों को समर्पित है। वहीं 1 अक्टूबर के शो के लिए जिन लोगों ने टिकट खरीदी थी, उन्हें दोबारा टिकट खरीदने की जरूरत नहीं है। वो कार्यक्रम स्थल पर जाकर टिकट फ्री ऑफ कास्ट एक्सचेंज कर सकते हैं।

### 1 अक्टूबर को स्टेडियम नहीं मिल पाया था

दरअसल, 1 अक्टूबर को यह कार्यक्रम तय हो गया था। राठौड़ मुंबई से रायपुर के लिए उड़ान भरने के लिए मुंबई एयरपोर्ट भी पहुंच चुके थे। लेकिन सही समय पर इंडोर स्टेडियम खाली नहीं हो पाया। यहां सुबह तक गरबा चलता रहा। आयोजकों को करीब दोपहर तीन बजे स्टेडियम मिला।



जिसके चलते आयोजकों को तैयारी का मौका ही नहीं मिल पाया। राठौड़ को वापस घर लौटना पड़ा। इस चैरिटी कार्यक्रम की करीब 400 टिकट बिक चुकी थी।

### 24 अगस्त का शो भी हुआ था कैंसिल

इससे पहले 24 अगस्त को भी रूप कुमार राठौड़ का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था। तब, वेन्यू पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम था। लेकिन इसी दिन सरकारी कार्यक्रम तीजा पोला तिहार ऑडिटोरियम में रख दिया गया। जिसके चलते कार्यक्रम आगे बढ़ाना पड़ा था।

इस कार्यक्रम में रूप कुमार राठौड़ के साथ उनकी धर्मपत्नी और मशहूर गजल गायिका सुनाली राठौड़ भी जुड़ने वाली थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना और वीर जवानों के बलिदान को नमन करना है।

# टमाटर की खेती में उन्नत विधि का लाभ मिलने से मालामाल हो रहे हैं किसान

**रायपुर, 12 अक्टूबर।** किसानों और कृषि से जुड़े स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत, फल, सब्जी, फूल, मसाले, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती के लिए केन्द्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेम्पू के किसान सुनील भगत ने टमाटर की खेती की। किसान सुनील भगत ने कुल लागत राशि काटकर शुद्ध लाभ अर्जित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों को केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा है ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सके इसी कड़ी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर किसान सुनील भगत द्वारा टमाटर की खेती की गई। उद्यानिकी विभाग से परामर्श बाद टमाटर का जीके देशी किस्म लगाया, जिसमें प्रति एकड़ 9 टन उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि सीजन अनुसार सब्जी की खेती करते हैं। इस सीजन में लगभग 85 हजार 500 रूपए का टमाटर ब्रिकी किया। कुल लागत राशि राशि काटकर किसान भगत को 55 हजार 500 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। किसान द्वारा अन्य योजनाओं का लाभ लेकर खेती किया जा रहा है। अब वे ड्रीप, मिल्चिंग को लेकर खेती की उन्नत विधि से जुड़ने की ओर अग्रसर है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26